दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 286 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

मां सीता के हाथों से गिरा गर्म तेल.....अब निकलता है गर्म पानी...चर्मरोगी करते हैं स्नान

अंजुम अंसारी

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का भगवान राम से काफी करीब का नाता है। माता कौशल्या खुद छत्तीसगढ़ की राजकुमारी थी, वहीं प्रभु श्री राम ने भी अपने वनवास के दौरान काफी वक्त छत्तीसगढ़ में गुजारा। आज भी छत्तीसगढ़ में पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक मान्यताओं के आधार कई ऐसे स्थान मिल जाएंगे, जिन्हें भगवान राम से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे ही एक जगह है तातापानी...! तातापानी बलरामपुर जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां जमीन के अंदर से पानी तो निकल रहा है, लेकिन गर्म। स्थानीय भाषा में ताता का मतलब गर्म होता है। तातापानी में एक कुंड के जमीन के अंदर से गर्म पानी निकलता है। इसलिए इस जगह का नाम तातापानी पड़ा। इसी खासियत की वजह से तातापानी देशभर में प्रसिद्ध है। जिसे देखने छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी लोग बलरामपुर पहुंचते हैं। यहां

भगवान शिव की एक बहुत बड़ी प्रतिमा है और प्रतिमा के नीचे भगवान शंकर जी का मंदिर है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने वनवास काल के दौरान यहां खेल-खेल में माता सीता की ओर एक पत्थर फेंका जो माता सीता के हाथ में रखे गर्म तेल के कटोरे से जा टकराया और गर्म तेल छलक कर धरती पर गिरा। जहां-जहां तेल की बूंदे पड़ीं वहां से गर्म पानी धरती से फुटकर निकलने लगा। इसलिए लोग यहां की धरती को पवित्र मानते हैं। तातापानी में धरती से निकलने वाले जल स्त्रोत को लेकर यह भी मान्यता है कि यहां के गर्म पानी से स्नान करने से शरीर के सभी त्वचा संबंधित रोग खत्म हो जाते हैं। इसलिए लोग यहां पहुंचते हैं और कुंड से निकलते गर्म पानी से नहाते हैं। यहां कुंड व झरनों में धरातल से बारह माह गरम पानी प्रवाह करता रहता है।

लगभग 400 साल पुरानी मूर्ति स्थापित

यहां भगवान शिव की 80 फीट की प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। द्वादश ज्योतिर्लिंग भी शिव भगवान की प्रतिमा के नीचे प्रतीक स्वरूप बनाए गए हैं जो यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। भगवान शिव जी के मंदिर में लगभग 400 साल पुरानी मूर्ति स्थापित है। इससे न सिर्फ यहां साल भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है, बल्कि हर वर्ष मकर संक्रांति पर लाखों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। इस दौरान यहां विशाल मेला आयोजित किया जाता है जिसमें पर्यटक झूलों, मीना बजार व अन्य दुकानों का मजा लेते हैं।

2012 के बाद मेला लिया महोत्सव का स्वरूप

बलरामपुर-रामानुजगंज जिला गठन के बाद तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मेला को महोत्सव का स्वरूप दिलाने का कार्य किया गया। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार गठन के बाद तातापानी के विकास को और गति मिलने की उम्मीद है जिस प्रकार से मुख्यमंत्री डॉ विष्णु देव साय द्वारा मकर संक्रांति के दिन इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है।

आज बेबाक

इस बार हाथी न तो हाथ के साथ होगा और न ही साइकिल के साथ चलेगा। वह चल अकेला, चल अकेला, चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा राही चल अकेला.... गाते हुए अकेले ही चलेगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्पष्ट कर दिया है कि बहुजन समाज पार्टी आईएनडीआईए का हिस्सा नहीं बनेगी। अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। बहन जी की एकला चलो रे की नीति ने आईएनडीआईए को जोर का झटका जोर से दे दिया है। वही एनडीए ने राहत की सांस ली है। अब सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में उसकी राह और ज्यादा आसान हो सकती है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार (16 जनवरी) से अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है। अनुष्ठान का आयोजन नगर के विवेक सृष्टि आश्रम में किया जा रहा है। इसके लिए सरयू में स्नान के बाद काशी के विद्वान पूजन सामग्री के साथ अनुष्ठान स्थल पर पहुंचे और पूजा विधि शुरू कर दी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा और प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज भी वहां मौजूद हैं। मंगलवार को प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन किया गया। अनुष्ठान का कार्यक्रम 21 जनवरी तक चलेगा। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर

दी जाएगी। पिछले 70 वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्राण-प्रतिष्ठा का ऐसा है कार्यक्रम

17 जनवरी को राम लला की मूर्ति का परिसर प्रवेश होगा। 18 जनवरी को तीर्थ पूजन, रामलला की श्यामवर्ण मूर्ति गर्भगृह में विराजित होगी, जल यात्रा, जलाधिवास और गंधाधिवास, 19 जनवरी की सुबह औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और शाम को धान्याधिवास होगा। 20 जनवरी की सुबह शर्कराधिवास, फलाधिवास और शाम को पुष्पाधिवास, 21 जनवरी की सुबह मध्याधिवास और शाम को शय्याधिवास होगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कराया जाएगा दर्शन

गर्भ-गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद, सभी साक्षियों को दर्शन कराया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हर जगह उत्साह का माहौल है। अयोध्या समेत पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाने का संकल्प लिया गया है। विभिन्न राज्यों के लोग लगातार जल, मिट्टी, सोना, चांदी, मणियां, कपड़े, आभूषण, विशाल घंटे, ढोल, सुगंध के साथ आ रहे हैं। जानकी के मायके द्वारा भेजे गए भार (एक बेटी के घर स्थापना के समय भेजे जाने वाले उपहार) जो जनकपुर (नेपाल) और सीतामढ़ी (बिहार) के ननिहाल से अयोध्या लाए गए। रायपुर, दंडकारण्य क्षेत्र स्थित प्रभु के ननिहाल से भी विभिन्न प्रकार के आभूषणों आदि के उपहार भेजे गए हैं।

6 मेट्रो एयरपोर्ट्स पर बनेंगे वॉर रूम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोहरे के कारण उड़ानों में हो रही देरी को लेकर सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मंगलवार को नई स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोटोकॉल जारी की है। इसके तहत दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की सुविधा के लिए वॉर रूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा किसी भी फ्लाइट के लेट होने की स्थिति में दिनभर में एयरलाइंस कंपनी को तीन बार रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सीआईएसएफ की चौबीस घंटे मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के

रनवे 29 एल को भी शुरू किया जाएगा। सिंधिया ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट का यह सबसे पुराना रनवे है। पिछले साल जी-20 समिट के दौरान शुरू किया गया था। उसके बाद मेंटेनेंस की वजह से बंद कर दिया गया था। इस रनवे पर घने कोहरे की स्थिति में भी फ्लाइट ऑपरेट किए जा सकेंगे। पिछले दो दिनों में इंडिगो की फ्लाइट डिले की दो घटनाएं हुईं, जिसके बाद ये एसओपी जारी की गई।

जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे : मोदी

पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश) (वार्ता)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक - एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है। मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने

के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीपफेक के खिलाफ 7 दिन में नए नियम लाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। डीपफेक को लेकर सरकार नए नियम ला रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अ16 जनवरी को बताया कि 7-8 दिनों में नए आईटी नियम नोटिफ ाई किए जाएंगे। उन्होंने डीपफेक पर 2 बैठकें कीं। नए आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफेक को लेकर बड़े प्रावधान हैं। सभी के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 23 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'डीपफेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है।' केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफ ॉर्म्स ने डीपफेक के खतरे और इसकी

गंभीरता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा था कि डीपफेक के क्रिएटर्स और उसको होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डीपफेक पर चिंता जता चुके हैं। उनका एक डीपफेक वीडियो आया था। वहीं हाल ही में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का एक डीप फेक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उन्हें 'स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते दिखाया गया था। सचिन ने कहा था- यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मोदी-आरएसएस का फंक्शन : राहुल

कोहिमा (एजेंसी)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को राहुल गांधी नगालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंचे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का फं क्शन है। इसे पूरी तरह से चुनावी कलेवर दिया गया है। भाजपा ने इसका जवाब देते हुए कहा कि वे ख्याली दुनिया में रहते हैं। हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने वहां

जाने से इनकार किया था। जहां तक धर्म की बात है, हम सभी धर्मों के साथ हैं। हम ये कहना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी से जो भी जाना चाहे, वो जा सकता है। जो सचमुच धर्म को मानते हैं, वो धर्म के साथ 'पर्सनल रिश्ता' रखते हैं। वे अपने जीवन में धर्म का प्रयोग करते हैं। जो धर्म के साथ 'पब्लिक रिश्ता' रखते हैं, वो धर्म का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। राहुल ने कहा- मैं अपने धर्म का फायदा उठाने की कोशिश नहीं करता हूं, मैं अपने धर्म के सिद्धांतों पर जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। इसलिए मैं लोगों की इज्जत करता हूं, अहंकार से नहीं बोलता, नफरत नहीं फैलाता। ये मेरे लिए हिंदू धर्म है। हम नफ रत और बंटा हुआ हिंदुस्तान नहीं चाहते हैं। हम मोहब्बत और भाईचारे का हिंदुस्तान चाहते हैं। राहुल के आरोप पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राहुल खयाली दुनिया में जी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

'आप' के प्रदेशाध्यक्ष कमल हुपेंडी समेत 6 ने छोड़ी पार्टी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी समेत 6 पदाधिकारियों ने एक साथ पार्टी को अलविदा कहते हुए प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 53 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा था।

विधानसभा चुनाव में आप के सभी 53 उम्मीदवार भारी अंतर से हार गए। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दूसरी बार चुनाव लड़ा था। इस विधानसभा चुनाव में 'आप' ने 53 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 0.93 प्रतिशत वोट मिले। वहीं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन्होंने दिया इस्तीफा

- कोमल हुपेंडी -प्रदेश अध्यक्ष
- आनंद प्रकाश मिरी - वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
- विशाल केलकर - प्रदेश सचिव
- रविंद्र सिंह ठाकुर - प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग
- धरम भार्गव - प्रदेश अध्यक्ष एस सी विंग
- कमल कांत साहू - प्रदेश अध्यक्ष ओ बी सी विंग
- बसंत कुजूर - प्रदेश अध्यक्ष एस टी विंग

कूनो में एक और चीते की मौत

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक और चीते की मौत हो गई। नामीबिया से लाए गए चीता 'शौर्य' ने दोपहर 3.17 बजे दम तोड़ दिया। इससे पहले चीतों की मॉनिटरिंग कर रही टीम ने सुबह 11 बजे जब उसे देखा तो वह अचेत हालत में था। टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज कर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। कुछ देर बाद उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शौर्य की मौत के कारण का खुलासा होगा। कूनो में अब तक 7 चीते और 3 शावक मिलाकर यह 10वीं मौत है।

नक्सली सामने नहीं आना चाहते, मैं वीडियो कॉल पर बात करने को तैयार : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली अगर सामने नहीं आना चाहते हैं, तो वीडियो कॉल पर भी वे बात करने के लिए तैयार है। मैं नक्सलियों से पूछना चाहता हूं कि आखिर विकास को रोकने का कारण क्या है? दरअसल, गृह मंत्री विजय शर्मा मंगलवार को रायपुर के हेल्पलाइन नंबर-112 के मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि नक्सली क्षेत्र में काम कर रहे जवानों के लिए बहुत सारे सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने

जवानों की सुरक्षा को अपना पहला धर्म और कर्तव्य बताया। गृहमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले वे नारायणपुर गए थे। तब जंगल में रहने वाले आदिवासियों से मिले। युवक चाहते हैं कि वो मुंबई से हीरो बनकर आए। गांव की उन्नति चाहते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि नक्सलियों को पत्र जारी करना चाहिए कि गांव-गांव में स्कूल खोले जाएं। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि डायल-112 बहुत ही लाभकारी योजना है। इसे और संवेदनशील होकर चलाना है। इसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी अच्छा काम कर रहे हैं। मैंने इसकी रिपोर्ट देखी है। कोशिश है कि इसमें और अच्छा क्या कर सकते हैं। यह देखने के लिए मैं 112 मुख्यालय दौरे पर आया हूं।

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

बिलासपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024

प्रभु श्री राम का मंदिर पूरी दुनिया के लिए बनेगा प्रेरणाश्रोत : अरुण गोविल

■ **रामानंद सागर की रामायण में राम, लक्ष्मण और मां सीता की किरदार निभाने वाले अभिनेत्रा पहुंचे अयोध्या**

अयोध्या (वार्ता)। अस्सी के दशक में घर घर में आस्था की सुगंध फैलाने वाले रामानंद सागर निर्देशित टीवी धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले बालीवुड अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम का मंदिर पूरे विश्व के लिये एक प्रेरणास्रोत बनेगा। अरुण गोविल ने लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी और माता सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। बाद में एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे रामलला का दिव्य और भव्य राम मंदिर पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। पूरे विश्व में सनातन संस्कृति पिछले कुछ वर्षों

में धूमिल हो गयी थी, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से फि र से एक संदेश जागेगा जो हमारी संस्कृति की विरासत है वह पूरे विश्व को पता लगेगी। यह मंदिर प्रेरणास्रोत होगा। हमारी आस्था का केन्द्र तो है ही यह हमारा गौरव और हमारी पहचान बनायेगी। मुझे बड़ी शांति मिली और दिल से प्रसन्नता हुई : दीपिका चिखलिया ने कहा कि जो हमारी छवि लोगों के दिलों में बस चुकी है वह राम मंदिर के निर्माण के बाद भी नहीं लगता कि कोई परिवर्तन होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी या कहें कि जन्मभूमि में आये हैं। मुझे बड़ी शांति मिली और दिल से प्रसन्नता हुई कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में हम लोग भाग लेंगे। देश के लोगों ने बहुत प्यार दिया। ऐसा ही प्यार रामायण के पात्रों को मिलता रहेगा यह मेरा सोचना है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम जहां गुप्त हुए थे, गुप्तार घाट, प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर, स्वर कोकिला एवं भारत रत्न लता मंगेशकर चौक सहित तमाम ऐसी जगहों पर जा करके एलबम की शूटिंग किया।

बड़ा परिवर्तन आयेगा जो हम और आप स्वयं देखेंगे

गोविल ने कहा कि हर चीज का अपना एक समय होता है। कर्म करते हैं, धर्म करते हैं और हर चीज का समय आ जाता है। दिव्य और भव्य राम मंदिर जिसका भी निर्माण चल रहा है देख करके मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा कि आगामी 22 तारीख को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि भगवान राम की नगरी इतनी भव्य और दिव्य बन जायेगा। पूरी अयोध्या बदल गयी है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद बड़ा परिवर्तन आयेगा जो हम और आप स्वयं देखेंगे। अभिनेता ने कहा कि रामायण में राम का किरदार तो हमने निभा लिया ऊपर वाले की मर्जी और आशीर्वाद था जो आप लोगों ने बहुत पसंद किया है। राम एक मर्यादा पुरुष थे। हमको सीख लेनी चाहिए।

जो नहीं जानते थे उन्हें भी मिल रहा जानने का मौका

लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण में भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है, जिसमें हम शामिल हो रहे हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जो कुछ मैं नहीं जानता था, उसको भी जानने का मौका मिल रहा है। देश में जो माहौल बना है वह बहुत ही धार्मिक और सकारात्मक है। रामायण हमें सिखाती है कि मर्यादा में कैसे रहना है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जब तक कोई रामायण पढ़ेगा नहीं तब तक भगवान के बारे में जानकारी नहीं होगी। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। रामायण हमको सिखाती है कि मर्यादा में रहना चाहिए। यह शिक्षा उनको नहीं मालूम जो राम को नकारते हैं।

मंदिर में श्याम वर्ण के रामलला की होगी मूर्ति

अयोध्या। नवनिर्मित मंदिर में श्याम वर्ण के ही रामलला विराजेंगे। कर्नाटक के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति का चयन कर लिया गया है। सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। इसके साथ ही रामलला की अचल मूर्ति को लेकर चल रहे कयासों पर विराम लग गया।

चंपत राय ने बताया कि अचल मूर्ति के चयन को लेकर पिछली बैठक में सभी 15 ट्रस्टी शामिल हुए थे। 11 ट्रस्टियों को अरुण योगीराज की मूर्ति पसंद आई है। इस आधार पर उसका चयन किया गया। 18 जनवरी को श्यामल रंग के रामलला को नए मंदिर में बने सिंहासन पर स्थापित कर दिया जाएगा।

रामलला की अचल मूर्ति के लिए नेपाल की गंडकी नदी, कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली। कर्नाटक की शिलाओं पर अरुण योगीराज व गणेश भट्ट ने मूर्ति को आकार दिया, जबकि राजस्थान के संगमरमर की शिला पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाई। चंपत राय ने बताया कि तीनों मूर्तियां लाजवाब हैं। इनमें से एक का चयन करना मुश्किल था। फिलहाल अरुण योगीराज की मूर्ति चयनित हुई है। बाकी दो मूर्तियों का भी सम्मान किया जाएगा, इसके बारे में बाद में सोचेंगे।

भारत में पहली बार सोलर बोट के जरिए सरयू यात्रा कराएगी योगी सरकार

■ **सीएम योगी के विजन अनुसार मेक इन इंडिया के तहत यूपीनेडा करेगी सरयू नदी में सोलर बोट का संचालन**

अयोध्या। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही योगी सरकार जल्द ही एक ऐसा प्रयोग करने जा रही है जो पूरे देश में इनलैंड वॉटरवे सर्विसेस की रूपरेखा बदलकर रख देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित किया जाए, ऐसे में यहां देश में पहली बार सोलर पावर इनेबल्ड ई-बोट को सरयू में उतारा गया है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने अयोध्या की सरयू नदी में इस बोट सर्विस के नियमित संचालन की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस बोट को सरयू घाट के किनारे असेंबल किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। फिलहाल, एक बोट को कंप्लीट कर लिया गया है तथा इसके

टेस्टिंग फेज की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व सीएम योगी द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा आगे आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

कई मायनों में खास है सोलर पावर इनेबल्ड बोट

यह सोलर पावर इवेबल्ड बोट क्लीन एनर्जी के जरिए संचालन की परिकल्पना के आधार पर कार्य करती है। यह ड्यूअल मोड ऑपरेटिंग बोट है जो 100 प्रतिशत सोलर इलेक्ट्रिक पावर बेस पर काम करती है। इसे सोलर एनर्जी से चार्ज करने के साथ ही इलेक्ट्रिक एनर्जी के जरिए भी ऑपरेट किया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि यह बोट कैटामरैन केटेगरी की है जिसके अंतर्गत दो हल स्ट्रक्चर्स को जोड़कर एक बोट स्ट्रक्चर में कन्वर्ट किया जा सकता है। यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मटीरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार के ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट टूर का ट्रैवलिंग ड्यूरेशन एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे। हालांकि, बोट की ऑपरेटिंग कैपेसिटी इससे कहीं ज्यादा है और पूरी तरह चार्ज होने पर 5 से 6 घंटे तक के प्रोपल्शन टाइमफ्रेम को मैनेज किया जा सकता है।

3.3 किलोवॉट रूफटॉप एसेंबल्ड सोलर पैनल युक्त रिमोट व्यूइंग से लैस

इस बोट को पुणे की सनी बोट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से असेंबल किया गया है जबकि चेन्नई की रा सोर्स प्राइवेट लिमिटेड इसमें सोलर व प्रोपल्शन पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व 2 क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी। 17 से 18 तारीख के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी जिसमें जलावरतण भी शामिल होगा जिसके बाद आगामी 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले इसका उद्घाटन हो जाएगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी क्लास अपार्ट फैसिलिटी से भी लैस है।

इन तथ्यों पर डालिए एक नजर...

- *यूपीनेडा द्वारा विकसित बोट को 3.3 किलोवॉट रूफ टॉप सोलर पैनल्स के जरिए संचालित किया जा रहा है।*
- *बोट की रूफटॉप पर कुल 6 सोलर पैनल लगे हैं जोकि 550 वॉट पॉवर ऊर्जा का उत्पादन करते हैं।*
- *यह बोट लाइट वेट मैटीरियल और क्लीन एनर्जी बेस्ड होने के कारण नदी में संचालन के दौरान हाई स्पीड पर ऑपरेट होने में सक्षम है और क्रूजिंग के लिहाज से इसकी स्पीड 6 नॉट्स रहेगी जबकि यह 9 नॉट्स की टॉप स्पीड को भी प्राप्त कर सकता है।*
- *फिलहाल, इस बोट के संचालन के लिए शोर बेस्ड जेटी में मीटर पावर प्लग सोर्स की भी व्यवस्था की जा रही है।*
- *इसके अतिरिक्त, यह बोट रिमोट व्यूइंग कैपेसिटी से लैस है जिसके जरिए बोट के बैटरी व सोलर पैरामीटर्स का निरीक्षण रिमोट व्यूइंग के जरिए कहीं से भी किया जा सकता है।*

भोग के लिए आगरा से आए 56 किस्म के पेठे

अयोध्या। अपने मूल स्थान पर प्रतिष्ठित होने जा रहे रामलला के लिए अनेक अमूल्य उपहार आ रहे हैं। इसी क्रम में आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से छप्पन अलग अलग स्वाद में श्री रामलला के भोग के लिए 56किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार जुटा है। पेठे के अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल,पूजा सामग्री आदि भी मंदिर ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मंडल की ओर से लाया गया पंछी पेठा कारसेवकपुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के राजेन्द्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में स्वीकारा गया।

25 वाद्य यंत्रों के मंगलवादन से होगा रामलला का अभिनंदन

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे प्रारंभ होगा। प्राण प्रतिष्ठा की यह पूजा 40 मिनट तक चलेगी। इसके बाद करीब 75 मिनट पीएम मोदी, सीएम योगी, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अतिथियों को 10:30 बजे तक रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करना होगा। मंदिर परिसर में आठ हजार कुर्सियां लगाई जा रही हैं। महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के 25 वाद्य यंत्रों से रामलला का अभिनंदन किया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ व आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में

121 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य व 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की उपस्थिति देश के निकटवर्ती इतिहास में पहली बार हो रही है। यह अपने आप में विशिष्ट होगा। मंदिर के निर्माण से जुड़े 500 से अधिक लोग, जिन्हें इंजीनियर ग्रुप का नाम दिया गया है, भी शामिल होंगे। चंपत राय ने बताया कि सुबह 10 बजे से प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त के ठीक पहले तक लगभग दो घंटे के लिए श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में शुभ की प्रतिष्ठा के लिए मंगल ध्वनि गुंजायमान होगी।

विभिन्न राज्यों के 25 प्रमुख और दुर्लभ वाद्ययंत्रों के मंगल वादन से अयोध्या में यह प्रतिष्ठा महोत्सव होगा।

इसे उन वाद्यों के दक्ष कलाकार प्रस्तुत करेंगे। इस मांगलिक संगीत कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतींद्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् हैं। इस कार्य में उनका सहयोग केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली ने किया है।

इन वाद्ययंत्रों से मंगलगान

यूपी-बिहार से पखावज, बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र की सुंदरी, पंजाब के अलगोजा, ओडिशा के मर्दल, कश्मीर के संतूर, मणिपुर के पुंग, असम के नगाड़ा, काली, छत्तीसगढ़ के तंबूरा, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावणहत्था, पश्चिम बंगाल का श्रीखोल, सरोद, आंध्रप्रदेश का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम, तविल और मृदंगम, उत्तराखंड का हुड़का।

श्री राम ने की थी बदरीनाथ-केदारनाथ की यात्रा

नई दिल्ली। रामायणकाल की कई घटनाएं उत्तराखंड के सीमांत चमोली जनपद से भी जुड़ी हुई हैं। अपने जीवन में श्रीराम ने केदारनाथ, बदरीनाथ और कैलाश मानसरोवर की यात्राएं की थी। उन्होंने देवप्रयाग में अलकनंदा के तट पर स्नान किया था और अलकनंदा व मंदाकिनी नदी किनारे से होते हुए कैलाश मानसरोवर तक की यात्रा की थी। आनंद रामायण में इसका उल्लेख है। बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल बताते हैं कि मानसरोवर भारत का अभिन्न अंग रहा है। आनंद रामायण में इसका उल्लेख है। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने केदारनाथ, बदरीनाथ और कैलाश मानसरोवर की यात्राएं की थी। जनपद के चांई गांव में स्थित वेदवती माता का मंदिर स्थित है। यह मंदिर भी रामायण से जुड़ा हुआ है। पूर्व धर्माधिकारी ने बताया कि वेदवती माता ही सीता का रूप मानी जाती है। चांई गांव में वेदवती सफेद पत्थर शिला रूप में पूजी जाती है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के डिमरी पुजारी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। रामावतार से पूर्व वेदवती ने चांई गांव में तपस्या की थी। जब इस क्षेत्र से रावण कैलाश की ओर जा रहा था, तब वह कुछ देर के लिए वेदवती की कुटिया में रुका। वेदवती ने रावण का आतिथ्य सत्कार किया, लेकिन रावण ने वेदवती को छूने की कोशिश की थी। इसके बाद वेदवती ने रावण को श्राप दिया था कि त्रैतायुग में वही उसके अंत का कारण बनेगी और उसने वहीं शरीर त्याग दिया था। रामावतार में जब राम, लक्ष्मण और सीता 14 वर्ष के लिए वन में थे, तो इस दौरान राम ने सीता को वेदवती के श्राप की बात बताई और सीता को अग्नि में समर्पित कर दिया। सीता के रूप में वेदवती प्रकट हुई।

शिल्पकार ने सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति

वाराणसी। भगवान श्रीराम की आस्था के सागर में पूरा देश सराबोर हो चुका है। हर कोई भगवान राम के काम में गिलहरी प्रयास करना चाह रहा है। किसी न किसी रूप में हर कोई श्रीराम मंदिर से अपने को जोड़ने का यत्न कर रहा है। ऐसे में गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है।

मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी मौजूद

वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति

बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लम्बी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है। मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी है। श्रीराम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं अनुकृति

उन्होंने बताया कि इस अनुकृति को बनाने में श्री राम की कृपा रही है। पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्री राम मंदिर बनाने की जब कोशिश की जा रही थी, तब वह पहले तो आकार ही नहीं ले पा रही थी, मगर जब प्रभु श्रीराम का नाम लेकर तथा उनके भजन सुनते हुए काम शुरू किया गया तो देखते ही देखते गुलाबी मीनाकारी से मंदिर ने अपना स्वरूप ले लिया। उन्होंने बताया कि मोदी व योगी के प्रयासों से आज गुलाबी मीनाकारी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। इसलिए इस नायब हुनर को मोदी और योगी के माध्यम से श्री राम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं।

विश्व के नेताओं को उपहार में दिये गये हैं गुलाबी मीनाकारी से बने उपहार

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं।

प्रभु राम ने वनवास के दौरान शिवरीनारायण में खाया था शबरी के जूठे बेर, अक्षय वट वृक्ष है प्रमाण

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भांजे राम का जांजगीर चांपा से गहरा नाता है. यहां के शिवरीनारायण की पावन भूमि में ही भक्त और भगवान का मिलन हुआ था.शबरी की प्रभु राम के प्रति आस्था और एक दिन उनके मिलने आने के विश्वास के कारण ना सिर्फ प्रभु राम ने उन्हें दर्शन दिए बल्कि उनके दिए जूठे बेर भी खाए. आज भी शबरी और राम के मिलन का ये पवित्र स्थान आस्था का केंद्र बना हुआ हैं।

प्रभु राम और शबरी के मिलन की जगह शिवरीनारायण

जांजगीर चांपा जिले की धार्मिक

नगरी शिवरीनारायण को गुप्त प्रयाग कहा जाता है. यहां तीन नदी महानदी, शिवनाथ और जोक नदी का त्रिवेणी संगम हैं.

मान्यता है कि वनवास काल के दौरान प्रभु राम ने शबरी के झूठे बेर खाए थे. माता शबरी और नारायण के अटूट प्रेम के कारण ही इस जगह का नाम शिवरीनारायण पड़ा. यहां एक पेड़ ऐसा है जिसे अक्षत वट वृक्ष के नाम से जाना जाता है. इस वट वृक्ष के पत्ते का आकार दोना के जैसा है. जिसमें बेर रखकर माता शबरी ने प्रभु राम को अपने जूठे बेर खिलाए थे।

माघ पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ पुरी से आते हैं शिवरीनारायण

शिवरीनारायण ना सिर्फ शबरी और राम के अटूट प्रेम बल्कि भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान भी माना गया है. मान्यता हैं कि हर साल माघी पूर्णिमा पर पुरी के भगवान जगन्नाथ शिवरीनारायण आते हैं. उनके यहां आने के दौरान पुरी में भगवान के पट बंद रहते हैं. यहा मंदिर में रोहिणी कुण्ड हैं जिसका जल कभी कम नहीं होता. भगवान नर नारायण के चरण कुंड के जल से हमेशा अभिषेक होता है। शिवरीनारायण माता शबरी का जन्मस्थान है. प्रभु श्री राम वनवास काल के दौरान यहां आए थे और विश्राम किया. गांव का नाम पहले शिवरी और नारायण के यहां आने पर शिवरी नारायण नाम पड़ा. माघ पूर्णिमा पर 15 दिनों तक विशाल मेला लगता है। शिवरीनारायण में 22 जनवरी को विशेष पूजाः अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शिवरीनारायण के मठ मंदिर में आकर्षक साज सज्जा की की जा रही है। 11000 दीये जलाएं जाएंगे. जिस समय रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होगी उसी समय दोपहर 12 बजे शिवरीनारायण में राम सरकार की विशेष पूजा की जाएगी. भक्तों को भोग खिलाया जाएगा।

राम मंदिर में लगे सोने के 14 दरवाजे

अयोध्या। तीर्थनगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी का काम तेजी से चल रहा है। आज से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विधिवत पूजा का काम शुरू हो जाएगा। यह 9.30 बजे पूजन पद्धति का काम शुरू होगा, जो करीब 5 घंटे तक चलेगा। मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले प्रायश्चित पूजा की शुरुआत होगी। इस पूजन विधि में शारीरिक, आंतरिक और मानसिक तरीके का प्रायश्चित किया जाता है। यजमान को 10 विधि से स्नान कराया जाता है। भगवान श्री रामलला सरकार के गर्भगृह में स्वर्ण मंडित द्वार की स्थापना के साथ ही भूतल पर सभी 14 स्वर्ण मंडित द्वारों की स्थापना का कार्य संपन्न हुआ।

मंदिर में 14 स्वर्ण कपाट का पूर्ण

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूतल पर 14 स्वर्ण मंडित कपाट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने जानकारी दी है कि 22 जनवरी से पहले परिसर के समतलीकरण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इस इलाके में सड़क निर्माण का कार्य भी अंतिम दौर में चल रहा है।

वालंटियर की संख्या 500 के पार

प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को संपन्न कराने के लिए वालंटियर की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अभी तक यह संख्या 500 के पार पहुंच चुकी है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली आदि प्रदेशों के पुरुष व महिलाएं कार्यकर्ता इस काम में आगे आए हैं। इन सभी को आवास, भोजन, आवागमन के प्रबंधन में लगाया जाएगा। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के निमंत्रण पत्र को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया भी अब सामने आने लगी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

रावतपुरा सरकार विवि का खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आयोजन

क्यू. आर कोड स्कैन कर विद्यार्थी कर सकते है नि:शुल्क पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में परिकल्पना को पूर्ण करने में अग्रसर है। विश्वविद्यालय द्वारा 29 जनवरी 2024 से सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आगाज करने जा रहा जिसका समापन 4 फरवरी 2024 को होगा। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालय के न्यूनतम 15 वर्ष आयू के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते है। इस महोत्सव में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री , माननीय उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री भी करेंगे शिरकत। लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड की मशहूर युवा गायिका पावनी पाण्डेय अपने सुरों से करेंगी एंटरटेनमेंट। 29 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मशाल जलाकर आरोहण-2024 को करंगे आरंभ। 4 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सभी विजेताओ एवं प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित।

सामान्य बातें दिल में उतरती है: मुकेश

रायपुर/नवप्रदेश। कोलंबिया कॉलेज और कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, रायपुर द्वारा प्रभावी भाषण कला और पैट्रिऑटिस्म पर एक महत्वपूर्ण सेमीनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में मुकेश शाह के मार्गदर्शन में, छात्रों ने न केवल भाषण कला के अनेक उपयोगी पहलूओं को जाना, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी समझा। श्री शाह ने बताया कि एक वक्ता हमेशा देने के लिए होता है। उसे श्रोताओं से प्रशंसा पाने की उम्मीद से नहीं बल्कि अपनी बातों को प्रभावी तरीके से रखने का प्रयास करना चाहिए। वक्ता को बहुत बड़ी बड़ी बातें करने से बचना चाहिए क्योंकि बड़ी बातें तात्कालिक तौर पर प्रशंसा तो दिला सकती हैं किन्तु सामान्य और सहज बातें दिल में उतर जाती है। बहुत ही सरलता और सौम्यता से कही गई बातें श्रोताओं को ज्यादा प्रभावित करती हैं। प्रशिक्षण में पांच डब्ल्यू और एक एच के सिद्धांत को प्रभावी भाषण का प्रमुख हिस्सा बताया गया जिसमें छात्रों ने सीखा कि किस प्रकार से वे अपने भाषण की तैयारी करें। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे और आनंद श्रीवास्तव सहित सभी अकादमी के सदस्यों की उपस्थिति ने इसे और भी गरिमामय बनाया। छात्र-छात्राओं की भागीदारी से यह स्पष्ट हुआ कि उन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण से बहुत लाभ हुआ है। कार्यक्रम का समापन कॉलेज द्वारा वक्ता मुकेश शाह को स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया, जो उनके प्रयासों की सराहना का प्रतीक था।

एनपीएल क्रिकेट स्पर्धा में चार मैच खेले गए

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष एनवीएल टूर्नामेंट में विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवम् मंत्रालय से 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबला को रोमांचक बना दिया है। उन्होंने आगे बताया कि एन.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता नया रायपुर के आयोजन में आज चार मैच खेले गए। पहला मैच संचालनालय ग्रामोद्योग विभाग इंद्रावती भवन और सीएमएचओ,स्वास्थ्य विभाग रायपुर के बीच मैच खेला गया। ग्रामोद्योग विभाग की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 8 ओवर में एक विशालकाय स्कोर 111 रन बनाए। इस मैच में ग्रामोद्योग की तरफ से दामोदर ने ताबड़तोड़ 58 रन की पारी खेली और वहीं सीएमएचओ की तरफ से संतलाल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 3 विकेट लिया। 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएमएचओ की टीम मात्र 47 रन ही बना सकी।सीएमएचओ की तरफ से खिलानंद और राहुल दोनो ने 8-8 रन का योगदान दिया।

3 लाख नए वोटर्स के पास जाएगी बीजेपी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नए वोटर्स को भाजपा साधेगी। कोशिश यही है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिले। भारतीय जनता युवा मोर्चा अब एक नए अभियान से लोकसभा चुनावों के मद्देनजर काम करने जा रही है। युवा मोर्चा प्रदेश के 3 लाख नए वोटर्स को साधेगी।

अपने नए अभियान के लिए सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा ने पोस्टर भी लॉन्च किया। भाजयुमो के इस अभियान का नाम है नवमतदाता। इसके डिजिटल लिंक और पोस्टर विमोचन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने सोमवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में कहा कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी कार्य योजना बनाई है। भाजयुमो नव मतदाता सम्मेलन करने जा रही है। इस अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को पूरे देशभर के 5000 और छत्तीसगढ़ के 176 स्थानों पर नव मतदाताओं से लाइव कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे। इसमें छत्तीसगढ़ के 3 लाख से ज्यादा नवयुवकों से प्रधानमंत्री मोदी सीधे संवाद करेंगे।

चलाया जा रहा संपर्क अभियान

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भगत ने कहा कि भाजयुमो द्वारा नव मतदाता सम्मेलन के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश के पूरे 90 विधानसभाओं में प्रदेश भाजयुमो के पदाधिकारी का तीन दिवसीय आवासीय प्रवास सुनिश्चित किया गया है। प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी कॉलेज, शिक्षा संस्थानों, कोचिंग सेंटर आदि नव युवाओं से संपर्क कर उन्हें नमो एप, विकसित भारत एम्बेस्डर से जोड़ेंगे साथ ही साथ नमो नव मतदाता सम्मेलन 25 जनवरी 2024 के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया जाएगा।

नमो एप से जोड़े जा रहे युवा

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा है कि नमो एप से युवा जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 10 वर्षों की जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए एप के माध्यम से 100 दिन का चैलेंज कार्यक्रम रखा जा रहा है। इससे जुड़कर जो युवा उस चैलेंज को पूरा करते हुए शीर्ष पर रहेंगे, उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का अवसर मिलेगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भगत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में भाजयुमो आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुका है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा मील का पत्थर: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफ्लता के पश्चात, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत हुई जिसे अपार जनसमर्थन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ से हम सभी इस यात्रा में शामिल हुये और राहुल गाँधी के अगुवाई में यात्रा प्रारंभ हुई जिसने देशभर के कांग्रेस नेता और हज़ारो आम नागरिक जन मौजूद रहे। मणिपुर के इम्फाल से लेकर मुंबई तक 6700 किमी गुजरेगी, 20 मार्च को समापन होगा और ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। निश्चित रूप से हमारे नेता राहुल गांधी की इस यात्रा से देश में नया बदलाव होगा एक नया संदेश जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रभाव देश के गरीब, युवा, माता-बहनो को न्याय दिलाने की यात्रा है। हमारे नेता राहुल गांधी पहुंचेगे और उन सब की भावनाओ सुनेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में न्याय का एजेंडा बनाकर जनता के बीच चुनाव में जायेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मणिपुर में ऐतिहासिक जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का आदि गुरु शंकराचार्य भी विरोध कर रहे है, उनका कहना है कि राम मंदिर का निर्माण अधूरा है, पूर्ण मंदिर निर्माण में अभी काफी समय है फिर इतनी जल्दबाजी क्यो की जा रही रही है? मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उचित समय रामनवमी है तो इसी दिन ही होना चाहिये।

भाजपा इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार के मुद्दे पर, महंगाई के मुद्दे पर, देश की सुरक्षा के मुद्दे पर, बहुत सारे मुद्दे को लेकर चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है इसलिये राम मंदिर के नाम से प्रोपोगंडा कर देश की जनता के भावनाओं से खेल कर चुनाव लड़ना चाहते है। कांग्रेस पार्टी के लिये राम मंदिर चुनाव का मुद्दा नहीं आस्था का विषय है। देश की जनता को आज महंगाई, बेरोजगारी और अन्य मुद्दो से जूझ रही है। , इस पर भाजपा और मोदी सरकार मौन है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो राहुल गाँधी के अगुवाई में जनता के हितो के लिये जनता के बीच निकली जिसका उद्देश जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है इसलिये यह यात्रा सफ्ल और ऐतिहासिक होगी।

गुरूपर्व में शामिल हुए मंत्री देवांगन

■ **विकास कार्यों के लिए 35 लाख की घोषणा**

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन कोरबा जिले के कोहड़िया स्थित झरनापारा में परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी के जयंती के अवसर पर आयोजित गुरूपर्व समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश दिया। गुरू घासीदास बाबा जी का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्र है। उन्होंने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर जिले और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर कार्यक्रम में युवाओ द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जय सतनाम कल्याण समिति द्वारा कोहड़िया में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने लगभग 35 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता को विकास कार्यों के लिए अब राशि मांगने की जरूरत नही पड़ेगी। आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वार्ड के लोगों को किसी भी कार्य के लिए मांग करने की जरूरत नहीं है, वार्ड का विकास आप लोगों का हक है, आप लोगों के मांग पत्र से पहले विकास कार्यों के लिए स्वीकृति आदेश जारी किया जाएगा। बस्ती में मुक्तिधाम के लिए 15 लाख, नाली निर्माण के लिए 5 लाख, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख और कबीर चौरहा के निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों ने एक बेटे और भाई की तरह मुझे सेवा करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह वार्ड मेरे परिवार का हिस्सा है।

गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाने केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राज्य में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राज्य के ज्यादा से ज्यादा गांवों में शत-प्रतिशत घरों में नल से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे गांवों में जहां 90 प्रतिशत से अधिक घरों में पानी पहुंचना चालू हो गया है, उन गांवों में जल्द से जल्द सभी घरों में नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। श्री शेखावत ने इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत समूह जलप्रदाय योजनाओं के काम में तेजी लाने को कहा। उन्होंने गांव के सभी घरों में नल लगने के बाद तुरंत सर्टिफिकेशन कराकर जल आपूर्ति की व्यवस्था ग्राम पंचायत को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन से जिन घरों में पेयजल पहुंच रहा है, वहां पानी की गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा और आपूर्ति की निरंतरता पर खास ध्यान दें। राज्य के जिन इलाकों में पेयजल में भारी तत्वों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक है, वहां जल की गुणवत्ता की हर महीने जांच करें। लोगों को हर हाल में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मुहैया कराना है। श्री शेखावत ने आगामी 26 जनवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्रामसभा में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति संबंधी बिंदु भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों की महिलाओं को गांव में नल से जल आपूर्ति के संचालन एवं रखरखाव के लिए प्रशिक्षित कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ गांवों में इसके संचालन की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। उन्होंने दुर्गम और पहुंचविहीन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर ऐसी छोटी बसाहटों में जहां भूजल की गुणवत्ता अच्छी है, वहां सौर ऊर्जा आधारित सामुदायिक जल प्रदाय की व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने बैठक में प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके तहत गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ कार्य किए जाएं।

मंदिरों की स्वच्छता में राज्यपाल भी आगे आए

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मंगलवार को रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर एवं गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने राज्य एवं देश के समस्त नागरिकों से आग्रह किया कि सभी अपने आस-पास के मंदिरों को स्वच्छ रखें। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अपने आस-पास को स्वच्छ रखकर हम धरती माता की सेवा करते है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमें मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व हरिचंदन ने दोनों मंदिरों में भगवान श्री राम और श्री जगन्नाथ का दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और प्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

एयरपोर्ट में सवारी के लिए टैक्सी वालों में मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के एयरपोर्ट में टैक्सी वालों में आए दिन सवारी को लेकर हंगामा होता है। रविवार रात भी 10 बजे सवारी को लेकर दो टैक्सी वालों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक ड्राइवर का मुंह लहुलूहान हो गया। इसके बाद दोनों गुट माना कैंप थाने पहुंचे और वहां भी जमकर हंगामा किया। थाने में मारपीट और गाली-गलौज की शिकायत की गई। जिस पर एक गुट तुराब अली की ओर से स्वाभिमान युवा टैक्सी संघ ने शिकायत की है कि दुरपेश नामदेव, नवतेज धारिवाल, हरविंदर धारिवाल, मनोज चौधरी अवैध तरीके से सवारी बैठाते हैं। वहीं दूसरे गुट से भी हरविंदर सिंह ने शिकायत की है जिस पर पुलिस ने दोनों गुटों की एफआईआर दर्ज कर ली है। ट्रैवल्स कंपनी के कर्मचारी और ड्राइवर सुबह से रात तक किसी भी फ्लाइट के आने के बाद तुरंत एग्जिट गेट पर आ जाते हैं। यात्रियों से पूछा जाता है कि वे कहां जाना चाहते हैं और उन्हें अपने काउंटर की ओर खींचते हैं। यात्रियों को अपने काउंटर पर ले जाने के लिए सबसे ज्यादा विवाद होता है।

खराब गुड़-चना की सप्लाई करने पर अब खैर नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड सभाकक्ष में जिला प्रबंधक एवं प्रभारी जिला प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री दयालदास बघेल ने राज्य के सभी 33 जिलों के उचित मूल्य दुकानों में राशन का भण्डारण प्रत्येक माह निर्धारित समय में करने के लिए कहा है, ताकि लोगों को समय पर चावल, शक्कर, गुड़, चना, नमक मिल सकें। सरगुजा और बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल में गुड़ और चना की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चावल की गुणवत्ता का परीक्षण करते समय शासन द्वारा निर्धारित मानक गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। मंत्री बघेल ने कहा कि उचित मूल्य दुकान के माध्यम से लोगों तक अच्छे चावल पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। चावल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किए जाएंगे।

उद्योग मंत्री देवांगन का शंकर नगर में निवास कार्यालय प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मंगलवार को राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री श्री देवांगन को शंकर नगर में बंगला नं. सी-4 आवंटित हुआ है। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद थे।

रायपुर में 17-18 जनवरी को 1 लाख से ज्यादा घरों में नहीं होगी पानी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 17 और 18 जनवरी को पानी सप्लाई नहीं होगी। 1 लाख से अधिक घरों में पानी नहीं आएगा। दरअसल राइजिंग मेन लाइन (पाइपलाइन) में खराबी आई है। तेलीबांधा चौक टनल क्रॉसिंग के अंदर की पाइपलाइन में लीकेज हो गई है। इसकी मरम्मत का काम 17 जनवरी को दिनभर चलेगा। इसकी वजह से 17 जनवरी की शाम और 18 जनवरी की सुबह पानी सप्लाई नहीं हो पाएगी।

17 की सुबह तक पानी की पूरी सप्लाई नगर निगम करेगा। अधिकारियों ने मरम्मत में करीब 12 घंटे का वक्त लगने की बात कही है।

इन इलाकों में नहीं आएगा पानी

नगर निगम के अफसरों के मुताबिक मोवा-सड्डू की ओर जाने वाली 700 एमएम व्यास की राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेज आ गई है। नगर निगम के जल विभाग की टीम इस लीकेज की मरम्मत करेगी। अब इसकी वजह से अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी और जोरा की पानी टंकी में पानी नहीं आएगा।

ये पानी टंकियां 1 लाख से अधिक घरों में पानी पहुंचाती हैं। इन इलाकों के अलावा बाकी हिस्सों में पानी पहले की तरह ही दिया जाएगा।

निगम कर रहा पानी टंकी की सफाई

नगर निगम शहर की सभी पानी टंकियों की सफाई कर रहा है। भनपुरी पानी टंकी की दीवारों की कैमिकली डिसइन्फेक्शन, सील्ट सफाई की गई। रायपुर के सभी 10 जोन के तहत 70 वार्डों की टंकियों को साफकिया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका निगम जल कार्य विभाग ने जोन क्रमांक 1 के तहत 3200 किलोलीटर क्षमता वाली नई भनपुरी पानी टंकी की सफाई कराई।

सफाई के बाद होगी आपूर्ति

आज 16 जनवरी मंगलवार को सुबह की पानी सप्लाई के बाद पुरानी भनपुरी पानी टंकी जिसकी क्षमता 2000 किलोलीटर है इसे साफ किया जाएगा। 17 जनवरी बुधवार को खमतराई टंकी जिसकी क्षमता 3200 किलोलीटर है इसे साफ किया जाएगा। रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र की सभी 43 पानी टंकियों के भीतर की दीवारों को कैमिकली डिसइन्फेक्शन कर वाल्व में कैमिकली स्प्रे से सफाई करवाई जा रही है।

संपादकीय

गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम

भारत में पिछले एक दशक के दौरान गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालकर देश को गरीबी के अभिशाप से मुक्ति दिलाने की दिशा में जो ठोस कदम उठाए गए हैं। उसके सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में 24.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। 2013-14 में गरीबी दर 29.17 प्रतिशत थी जो अब घट कर 11.28 प्रतिशत रह गई है। इस अवधि में 17.89 प्रतिशत की कमी आई है। गौरतलब है कि गरीबों की स्थिति में सुधार का आंकलन शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन शैली जैसे मानदंडों के आधार पर तय किया जाता है। भारत में आजादी के बाद से गरीबी एक जटिल समस्या रही है। आजादी के बाद से तात्कालीन सरकारों ने गरीबों को केन्द्र बिंदु में रखकर ही तमाम योजनाएं और कार्यक्रम क्रियान्वित किये लेकिन गरीबी हटने की जगह और भी बढ़ती गई। इस मामले में यही मसल चरितार्थ हुई की दर्द बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की गरीबों के कल्याण के लिए बनाई जाने वाली योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रही। गरीबी हटाओ के नारे तो खूब लगे लेकिन गरीबी हटाने की दिशा में कोई कारगर पहल नहीं की गई। इस बीच गरीबों को मुफ्त में अथवा न्यूनतम दरों पर अनाज देने सहित कई लोक लुभावन घोषणाएं की गई जिसका गरीबों को लाभ तो मिला लेकिन गरीबों को मिलने वाली इन सुविधाओं का अनुचित फायदा उठाने के लिए फर्जी गरीबों की बाढ़ सी आ गई। नतीजतन गरीबी रेखा से बाहर निकलने के बाद भी लोग बीपीएल कार्डधारी बने रहे और ऐसे फर्जी गरीब आज भी कथरी ओढ़कर मजे से घी खा रहे हैं। ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान बेहद जरूरी है। वास्तव में ऐसे फर्जी गरीब वास्तविक गरीब हितग्राहियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। जो उनके हिस्से को हड़प रहे हैं। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद ऐसे लाखों फर्जी गरीबों के बीपीएल कार्ड रद्द भी किए गए हैं लेकिन आज भी बड़ी संख्या में साधन संपन्न लोग भी बीपीएल कार्डधारी बने हुए हैं। गरीबी के इस अजीबों गरीब गोरखधंधे का खात्मा निहायत जरूरी है। इसके लिए केन्द्र सरकार को ही ठोस कदम उठाने होंगे तभी बात बनेगी। राज्य सरकारें तो इस मामले में कोई ठोस कदम उठाना भी नहीं चाहती। सभी के अपने अपने वोंट बैंक हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टियां भी फर्जी गरीबों के खिलाफ किसी भी तरह की कोई कार्यवाही करने से कतराती है। बीपीएल कार्ड भी असानी से बन जाता है। शहरी क्षेत्रों में संबंधित वार्ड पार्षदों और ग्रामीण क्षेत्रों में पंच सरपंच की मिलीभगत से बड़ी आसानी से बीपीएल कार्ड बन जाते हैं। क्योंकि अभी तक गरीबी रेखा की परिभाषा ही स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसलिए गरीबी का गोरखधंधा बेरोकटोक जारी है। अब तो स्थिति यह है कि बंगाल और नई दिल्ली जैसे राज्यों में घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के भी थोक के भाव में बीपीएल कार्ड बन गए हैं। जब तक ऐसे कुपात्रो को अपात्र घोषित नहीं किया जाएगा। तब तक गरीबों की संख्या में उल्लेखनीय कमी नहीं आएगी। वैसे केन्द्र सरकार ने पिछले 1 दशक में गरीबों के कल्याण के लिए जो योजनाएं लागू की हैं और उसे पारदर्शी बनाया है। उससे वास्तविक गरीबों को समुचित लाभ मिलने लगा है। गरीबों के बैंक खाते खोले गए हैं। जिसमें सीधे राशि आ जाती है। इस लिए अब सरकारी मदद में बिचौलिए सेंध नहीं लगा पा रहे हैं। नतीजतन गरीबों के जीवन स्तर में लगातार सुधार परिलक्षित हो रहा है। सरकार वास्तविक गरीबों के हितों का संरक्षण जरूर कर रही है। लेकिन उनके हक पर डाका डालने वाले फर्जी गरीबों के खिलाफ उतनी तेजी से अभियान नहीं चला रही है जैसी अपेक्षित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि फर्जी गरीबों की पहचान कर उन्हें गरीबी रेखा की सूची से बाहर करने के लिए केन्द्र सरकार कड़े कदम उठाएगी।

गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व पर विशेष

सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

योगेश कुमार गोयल

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है।

गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

चीन के विस्तारवादी जाल में फंसता मालदीव

नीरज मनजीत

पर्यटन मालदीव का प्रमुख कारोबार है और भारत से लाखों पर्यटक हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी वहां होती है। स्पष्ट है कि मालदीव की इकोनॉमी में भारतीय पर्यटक बड़ा योगदान देते हैं। मोइज्जू के बेजा भारत और प्रधानमंत्री मोदी विरोधी रवैये की वजह से हजारों भारतीय पर्यटकों ने अपनी मालदीव यात्रा स्थगित कर दी है। भारत की कई टूरिस्ट कंपनियों ने मालदीव की बुकिंग लेने से इंकार कर दिया है। इधर प्रधानमंत्री मोदी ने जब से लक्षदीप को मालदीव के विकल्प के तौर पर पेश किया है, तब से मोइज्जू प्रशासन में घबराहट देखी जा रही है। दरअसल मालदीव को अपने सफेद रेत वाले नीले पारदर्शी समुद्रतटों पर नाज़ है। ये सारी चीजें लक्षदीप में भी मौजूद हैं, बस उसे थोड़ा विकसित करके अच्छे रिसॉर्ट बनाने की जरूरत है। लक्षदीप में दुनिया के सबसे अहम पर्यटनस्थल के रूप में विकसित होने की सारी संभावनाएं हैं। लगता है भारत का नाजायज़ विरोध मोइज्जू और मालदीव को काफी भारी पड़ने वाला है।

किसी अज्ञात विचारक ने कहा था कि यदि कोई राष्ट्रप्रमुख घृणा और नकारात्मक मूल्यों पर ही अपनी कूटनीति टिकाकर वैश्विक मुख्यधारा में आने का प्रयत्न करेगा, तो उसका डूबना तय है, साथ में वह अपने देश को भी संकट में डाल लेगा। इस कथन की सत्यता का सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है, जिसने भारत विरोध और घृणा के चलते खुद को बर्बाद कर लिया है। अब मालदीव के नए नवेले राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू भी उसी रास्ते पर चल पड़े हैं। मोहम्मद मोइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। इसमें किसी को कोई ऐतराज नहीं है। कोई भी राष्ट्रप्रमुख वैश्विक बिरादरी में अपने दोस्त चुनने के लिए आजाद है। दिक्कत यह है कि मोइज्जू भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ख़िलाफ़त करके और भारत के प्रति घृणा का इज़हार करके चीन की गोद में बैठना चाहते हैं। मोइज्जू प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के नेता हैं, जो एक अन्य पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस से गठबंधन करके चुनाव जीते हैं। ये दोनों पार्टियाँ चीन की हिमायती मानी जाती हैं।

मोइज्जू से पहले मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता इब्राहिम मोहम्मद सोलिह राष्ट्रपति थे। सोलिह पूरी तरह भारत के समर्थक थे। उनके पूर्व के तक़रीबन सभी राष्ट्रपति भारत से बेहतर रिश्ते रखने के पक्षधर थे। 2013 में पहली बार पीपीएम के नेता अब्दुल यामीन अब्दुल गयूम राष्ट्रपति बने और उन्होंने मालदीव में 'इंडिया आउट' का नारा दिया। मोइज्जू ने भी इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाया और मालदीव में भारत के प्रति घृणा का माहौल बनाकर चुनाव जीत लिया। मोइज्जू और पीपीएम चाहते हैं कि मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिक वापस चले जाएं। इसमें भी किसी को कोई ऐतराज नहीं हो सकता। यहाँ बताना लाजमी है कि मालदीव में केवल 77 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। इस संबंध में पिछले साल दुबई में प्रधानमंत्री मोदी और मोइज्जू के बीच सहमति भी बन चुकी है। मगर मोइज्जू लगातार ऐसा नैरेटिव सेट कर रहे हैं, मानों बड़ी तादाद में भारतीय आर्मी ने मालदीव में अतिक्रमण कर रखा है और भारत मालदीव की संप्रभुता के लिए ख़तरा पैदा कर रहा है।

इस पूरे मामले को समझने के लिए हमें इतिहास में लौटना होगा। नवंबर 1988 में तत्कालीन राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम के अनुरोध पर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने मालदीव में भारतीय सेना उतारी थी। उस वक़्त कुछ विद्रोही गयूम का तख्ता पलटने की साज़िश रच रहे थे।

भारतीय सैनिकों ने विद्रोहियों को मार गिराया और मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की थी। गयूम ने तब भारत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए राजीव गाँधी का शुक्रिया अदा किया था। कुछ ही दिनों में भारतीय सेना अपना काम करके वापस लौट आई थी। उसके बाद पिछले दशक में मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत ने मानवीय सहायता के लिए दो ध्रुव हेलीकॉप्टर वहाँ भेजे थे। दरअसल मालदीव कई छोटे छोटे द्वीपों का एक समूह है और बड़ा अस्पताल सिर्फ़ मेनलैंड में ही है। कई बार दूसरे द्वीपों के मरीजों को समुद्री मार्ग से मुख्य अस्पताल में लाने में देर हो जाती थी। भारत के भेजे इन हेलीकॉप्टरों के जरिए मरीजों को एयरलिफ़्ट करके जल्दी से मेनलैंड में पहुंच दिया जाता था। इसके अलावा भारत ने द्वीपों की निगरानी के लिए मालदीव को एक डोर्नियर एयरक्राफ़्ट भी उपहार में दिया था। मालदीव सरकार के अनुरोध पर ही इनके रखरखाव और संचालन के लिए भारतीय सैनिक वहाँ भेजे गए थे। ये सैनिक मालदीव के सैनिकों को प्रशिक्षण भी दे रहे थे। स्पष्ट है कि ऐसा केवल दोस्ती निभाने और विशुद्ध मानवीय आधार पर किया गया था। वहाँ भारतीय सेना का और कोई उद्देश्य था ही नहीं।

मोहम्मद मोइज्जू और उनकी पार्टी पीपीएम किस क़दर भारत की ख़िलाफ़त करने पर उतर आई है, इसका सबूत तब मिला जब मोइज्जू ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए तुर्किये को चुना। वैश्विक बिरादरी में सभी जानते हैं कि तुर्किये भारत का प्रबल विरोधी है। उस पर यह संदेह भी किया जाता है कि भारत में गड़बड़ी फ़ैलाने वाले कुछ अलगाववादी संगठनों को वह फंडिंग भी करता है। मोइज्जू के पूर्व के सभी राष्ट्रपति पहली विदेश यात्रा में भारत आते रहे हैं। दूसरी विदेश यात्रा के लिए मोइज्जू ने चीन को चुना। चूँकि उनकी पार्टी चीन की हिमायती है, इसलिए इस यात्रा को भी स्वाभाविक माना जा सकता है। मगर यह अस्वाभाविक है कि वे बीजिंग से लौटते ही मोइज्जू दुनिया को ज्ञान देने लगें कि वे भारत से नहीं डरते। उनसे सवाल किया जाना चाहिए कि उन्हें डरा कौन रहा है? भारत तो शांतिपूर्ण सहअस्तित्व पर भरोसा करनेवाला देश है। उसने कभी किसी देश पर न तो हमला किया है और न ही किसी देश में बेजा अतिक्रमण किया है। मोइज्जू की भाषा से स्पष्ट है कि वे पाकिस्तान की तरह मालदीव को भी भारत की बेजा ख़िलाफ़त करके चीन का पिछलग्गू बनाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि मालदीव ने चीन से कर्ज भी ले रखा है और मोइज्जू मालदीव का भविष्य चीन को सौंपना चाहते हैं। चीन से दोस्ती को मोइज्जू ने अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखा है। मोइज्जू को चीन से दोस्ती मुबारक, मगर वे चीन को खुश करने के लिए गरियाने वाला सस्ता भारत विरोधी रवैया अपनायेंगे, तो खुद अपने आपको ही मुसीबत में डालेंगे। चीन किस तरह अपने कर्ज़ के जाल में फँसाकर किसी देश का इस्तेमाल करता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

पर्यटन मालदीव का प्रमुख कारोबार है और भारत से लाखों पर्यटक हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी वहाँ होती है। स्पष्ट है कि मालदीव की इकोनॉमी में भारतीय पर्यटक बड़ा योगदान देते हैं।

मोइज्जू के बेजा भारत और प्रधानमंत्री मोदी विरोधी रवैये की वजह से हजारों भारतीय पर्यटकों ने अपनी मालदीव यात्रा स्थगित कर दी है। भारत की कई टूरिस्ट कंपनियों ने मालदीव की बुकिंग लेने से इंकार कर दिया है। इधर प्रधानमंत्री मोदी ने जब से लक्षदीप को मालदीव के विकल्प के तौर पर पेश किया है, तब से मोइज्जू प्रशासन में घबराहट देखी जा रही है। दरअसल मालदीव को अपने सफेद रेत वाले नीले पारदर्शी समुद्रतटों पर नाज़ है। ये सारी चीजें लक्षदीप में भी मौजूद हैं, बस उसे थोड़ा विकसित करके अच्छे रिसॉर्ट बनाने की जरूरत है। लक्षदीप में दुनिया के सबसे अहम पर्यटनस्थल के रूप में विकसित होने की सारी संभावनाएं हैं। लगता है भारत का नाजायज़ विरोध मोइज्जू और मालदीव को काफी भारी पड़ने वाला है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1852 को आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को ब्रिटेन ने मान्यता दी थी। 1913 में आज ही के दिन रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1915 में 17 जनवरी के दिन ही पश्चिमी यूक्रेन और बुकोविना पर रूस ने कब्जा किया था। 1941 में आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए रवाना हुए थे। 1946 में 17 जनवरी के दिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक हुई थी। 1949 में आज ही के दिन फॉक्सवैगन की पहली बीटल कार जर्मनी से अमेरिका पहुंची थी।1976 में 17 जनवरी के दिन ही हरमस रॉकेट को यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने लांच किया था। 1979 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने न्यूक्लियर टेस्ट किया था। 1980 में 17 जनवरी के दिन ही फ्लाटसटकोम-3 नासा ने लांच किया था। 1985 में आज ही के दिन इंग्लैंड के खिलाफभारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने दूसरा टेस्ट शतक लगाया था। 1989 कर्नल जे.के. बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

QUIZ TIME

1) किस देश ने हिम तेंदुआ को अपना राष्ट्रीय प्रतीक घोषित किया है?

2) गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2024 में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ पिक्चर ड्रामा का पुरस्कार प्रदान किया गया है?

3) बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना को कौन से कार्यकाल के लिए चुना गया है?

4) अमित शाह द्वारा हाल ही में किसके लिए ई-समृद्धि पोर्टल लांच किया गया है?

5) किसने जालियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में राय बहादुर की उपाधि लौटा दी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) किर्गिस्तान (2) ओपेनहाइमर (3) पांचवें (4) पूर्व सैनिक (5) जमनालाल बजाज

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:52, चन्द्रोदय : 10:43, चन्द्रास्त : 23:09,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : रेवती, योग : शिव, प्रथम करण : कौलव (13:03 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:57 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:47, अमृत काल : 24:08 से 25:38, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:14 से 28:38, रवियोग : 07:14 से 28:38, विजय मुहूर्त : 14:11 से 14:52, गोधूलि मुहूर्त : 17:37 से 18:04, सायाह्न सन्ध्या : 17:39 से 19:01, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:54, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:50 से 11:08, होमाहुति : बुध (28:38 से शुक्र), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पाताल (23:57 से पृथ्वी), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : नन्दी पर (23:57 से भोजन में)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओं का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपके दिमाग मे उथल पुथल लगी रहेगी किसी पुराने कार्य सफलता को लेकर अंदर से बेचैन रहेंगे।

वृषः आज का दिन आपको आशा के विपरीत फल देने वाला है। जिस कार्य अथवा समय लाभ की उम्मीद नही होगी उसी कार्य से अथवा समय अकस्मात लाभ होने से आश्चर्य में पड़ेंगे।

मिथुनः आज आप के दिमाग मे केवल पैसा ही रहेगा दिन के आरंभ से ही आर्थिक लाभ पाने के लिये प्रयासरत रहेंगे आज भी कल की ही भांति परिश्रम करना पड़ेगा।

कर्कः आज का दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा सेहत पुरानी बीमारी को छोड़ ठीक ही रहेगी लेकिन फिर भी स्वभाव किसी न किसी कारण से चिड़चिड़ा रहेगा।

सिंहः आज आपकी दिनचर्या चाहकर भी व्यवस्थित नही हो सकेगी मन मे काफी कुछ सोच कर रखेंगे लेकिन अंत समय मे ही विचार किये कार्य निरस्त कर अन्य कार्यो में लगना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन कुछेक विषयो को छोड़ आपके पक्ष में ही रहेगा।

तुलाः आज का दिन भी उदासीनता में बीतेगा। व्यावसायिक मति एवं बाजार की जानकारी होने के बाद भी जिस कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे धन अथवा अन्य किसी अभाव के कारण गति नही दे पाएंगे।

वृश्चिकः आज के दिन से आपको मिला जुला फल प्राप्त होगा मध्यान तक का समय कल्पनाओं में खराब करेंगे।

धनुः आज के दिन भी आप बैठे बिठाये व्यर्थ के झगड़े मोल लेंगे कार्य क्षेत्र पर आवश्यकता अनुसार आय आसानी से हो जाएगी फिर भी असंतोषी स्वभाव उटपटांग के कार्यो में भटकाएगा।

मकरः आज के दिन आपके अंदर पराक्रम शक्ति प्रबल रहेगी एवं भाग्य का भी साथ ठीक मिलने से किसी भी कार्यो में ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायी रहेगा।

मीनः आज का दिन कुछ उतार चढ़ाव भरा रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -306

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक305का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

न्यूज गैलरी

शुभम बिहार में होगी सोलापुरी माता पूजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री सोलापुरी माता पूजा समिति शुभम विहार, रूचिका विहार हरदी रोड़ शारदा मंदिर के पास वार्ड नंबर 12 बिलासपुर में 14 अप्रैल से 21 अप्रैल 2024 तक आयोजित की जायेगी इस वर्ष आयोजन के लेकर बैठक में नई कार्यकारणी का घटन किया गया श्री एन गोविंद राजू को पूजा का अध्यक्ष, यू मुरली राव को कार्यकारणी का अध्यक्ष,श्री प्रेम लाल चौहान को महा सचिव, कोषाध्यक्ष जी राजा राव, सह सचिव एन रमना मूर्ति, सह कोषाध्यक्ष बी रामा राव,उपाध्यक्ष जी आनंद राव,सहित अन्य पदों के लिए भी सदस्यो का चयन किया गया साथ ही आगामी आयोजन को लेकर जिम्मेदारियों का बटवारा भी किया गया बैठक में वर्ष 2023 का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया वर्ष 2024 में रटा पूजा 14 अप्रैल,माता का आगमन मां त्रिपुरा सुंदरी मां मरिमाई मंदिर से पूजा स्थल शोभा यात्रा के माध्यम से सुभम विहार शारदा मंदिर के पास,यह 21 अप्रैल तक प्रति दिन मां सोलापुरी के अलग अलग स्वरूपों की स्थापना कर पूजा अर्चना की जाएगी श्री साई ब्रदर्स ओर उनकी टीम खरगपुर पश्चिम बंगाल से आयेगी निम्न लिखित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई जिस में एम तवुडू, साई राम शर्मा,धनराज बोयर, महावीर ,राजेश सिंह, ई कृष्णा राव,उदय किरण,संतोष,विवेक, जे शंकर जी श्रीनिवास राव, जी रमेश,सुशांत, के रमना राव, के भास्कर राव, जी धर्मा राव, जी राजेश्वर राव, जी श्रीनिवास राव,महिलाए जिस में जोगी दमयंती, पोट्टी वरलक्ष्मी, एस सूर्यकुमारी,आदि को जिम्मेदारियां बाटी गई हैं।

21 जनवरी को शहर में निकलेगी शोभा यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जय वन्दे मातरम् संगठन बिलासपुर द्वारा आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर बिलासपुर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को यादगार व बिलासपुर को राममय बनाने का प्रयास संगठन द्वारा किया जा रहा है।संगठन के जिला अध्यक्ष राजू सलूजा,राजेंद्र सिंह,आकाश यादव, श्रीकांत पांडेय ने बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उनका प्रयास सभी समाज को एक जुट करने का भी है। इस शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम जी के स्वागत की तैयारी भी जोर शोर से चल रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया की 22 जनवरी को कोई भी मंदिर सुना न रहे, अपने अपने घरों को रंगोली और दिए जलाकर दीपावली मनाते हुए श्री राम जी का स्वागत करें। सनातनी बंधु उस दिन अपने काम धंधे से कम से कम आधे दिन का अवकाश लेकर इस शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान प्रदान करे। यह शोभायात्रा 21 जनवरी 2024, रविवार को दोपहर 3 बजे गणेश मंदिर कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल से प्रारम्भ होकर तारबहार चौक, शिव टाकिज, चौक गाँधी चौक, जुना बिलासपुर, हटरी चौक, सिटी कोतवाली, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुऐ देवकीनंदन चौक में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन किया जायेगा। इस शोभा यात्रा में मुंबई के ढोल ताशा ग्रुप, आकर्षक झाकियों के साथ पारम्परिक नृत्य बाजा, भजन मंडली, कीर्तन व अन्य आयोजन में सम्मिलित रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान अतुल बजाज, तरुण,सोहन गुप्ता,दुष्यंत सिंह सहित समिति से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी मंगेश उर्फ योगेश वैद्य पिता एन.डब्लू. वैद्य उम्र 42 वर्ष निवासी रामा लाईफ सिटी सकरी गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14.01.24 को रात्रि में उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी योगेश उर्फ मंगेश के द्वारा अपने घर रामा लाईफ सिटी सकरी में बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार किया है, जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। महिला संबंधी गंभीर अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने तत्काल निर्देशन किया। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं आरोपी से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया, मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

राम मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा के दिन जिला प्रशासन की तैयारी

मंदिरों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में आयोजित किये जा रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर जिले में 22 जनवरी को भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस आशय के निर्देश आज टीएल की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय और प्रत्येक विकासखण्ड के कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों की भागीदारी से किये जाएंगे। उन्होंने इसकी तैयारी के लिए सभी ब्लॉक के सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी, सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व शिविरों का

सिलसिला 1 फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने 1 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक राजस्व पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए है। शिविर में पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों के राजस्व मामलों का निराकरण किया जाएगा। पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी 54 बसाहटों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की योजनाओं से जोड़कर सैचुरेशन लेबल हासिल करने के निर्देश दिए। पीवीटीजी के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत संपर्क मार्ग, स्वच्छ जल, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, वनधन केंद्र सहित अन्य योजनाओं का कार्य पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि इन बसाहटों में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने लगातार शिविर लगाया जाए।

इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, लंबित राजस्व प्रकरण सहित टीएल के लंबित मामलों की समीक्षा की।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाअधिवक्ता पैनल लायर्स में हुई नियुक्तियां

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में शासन की तरफ से पैरवी करने के लिए अतिरिक्त महा अधिवक्ता, उप महा अधिवक्ता और पैनल लायरो की नियुक्ति कर दी गई है ।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार गठित होने के बाद पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्त किए गए महा अधिवक्ता,अतिरिक्त महा अधिवक्ता , उप महाअधिवक्ता और पैनल लायरो द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद नई नियुक्तियां जारी कर दी गई है । नई नियुक्तियों में अतिरिक्त महाधिवक्ता हेतु- अधिवक्ताओ वाय. एस. ठाकुर, रणवीर सिंह मरहास, राज कुमार गुप्ता, आशीष शुक्ला, बी. डी. गुरू, विवेक शर्मा, सुनील काले,उप महाधिवक्ता हेतु-प्रवीण दास, विनय पाण्डेय, यू. के. एस. चंदेल, संजीव पाण्डेय, शशांक ठाकुर, नीरज शर्मा,डॉ. सौरभ कुमार पांडेय शासकीय अधिवक्ता हेतु दिलमन रतिमिंज, अखिलेश कुमार, अजित सिंह, केशव गुप्ता, संघर्ष पाण्डेय, धीरज वानखेडे, अरविन्द दुबे, अजय पाण्डेय, श्रीमती सुप्रिया उपासने, राहुल तामस्कर, सतीश गुप्ता, रतन पुष्टि, संतोष सोनी, गैरी मुखोपाध्याय, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव भारत, उप शासकीय अधिवक्ता हेतु- कु. सुनीता मानिकपुरी, प्रमोद श्रीवास्तव, अतानु घोष, सुश्री प्रज्ञा पाण्डेय, सुश्री शैलजा शुक्ला, सुश्री उपासना मेहता, किशन साहू, सुयशधर दीवान, श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेयअंकुर कश्यप, शालिन सिंह बघेल। नितांश जायसवाल, शैलेन्द्र शर्मा, मो. राहुल अमीन मेनन, अभिषेक सिंह, लव शर्मा,दीपक कुमार सिंह, आशुतोष शुक्ला,सुश्री मोनिका सिंह ठाकुर, रिषभ चन्द्र सिंह देव, शुभ्रा श्रीवास्तव, अमित वर्मा स्मृति श्रीवास्तव,प्रभा शर्मा,नंद कुमार कश्यप, सुश्री साक्षी गोयल, सुश्री आकांक्षा वर्मा, अंकुर कश्यप, यू. पी. एस. साहू, समीर बेहार, सुरेन्द्र देवांगन, प्रदीप सिंह राठौर और विजय बहादुर सिंह। अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाविधवक्ता, शासकीय अधिवक्ता एवं उप शासकीय अधिवक्ता को देय फीस विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश 30.12.2015 के अध्यधीन होगा।

मंदिरों को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी : कौशिक

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने स्वच्छता अभियान के तहत बिल्हा के नगर पंचायत बोदरी के लक्ष्मी नारायण मंदिर में की साफ सफाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत में मंदिरों में साफ सफाई अभियान शुरू हो गया जिसके चलते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मकरसंक्रांति के अवसर पर आज बिल्हा के नगर पंचायत बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की साफ- सफाई की। प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरुआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने

कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 को की जाएगी। इसके तहत भाजपा ने हिंदू समुदाय के लोगों से सेवा प्रदान करने और आज (मकर) से शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का अनुरोध किया था।रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य हो रहा है। देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई की जाएगी।

निषाद समाज ने बिलासा स्मृति दिवस पर निकाली शोभायात्रा

पारंपरिक वेशभूशा में हाथों में टोकरी लिए निकली महिलाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुहा निषाद जयंती और वीरांगना बिलासा देवी केंवट के स्मृति दिवस पर निषाद समाज द्वारा आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हर्ष- उल्लास के साथ जय श्रीराम और बिलास देवी की जयघोष के नारे लगाते रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

शोभायात्रा तेली पारा रोड़ से होते हुए गोल बजार से शनिचरी बाजार के पास स्थित बिलासा देवी केंवट की प्रतिमा तक पहुंची। यात्रा में शामिल महिलाएं में पारम्परिक वेशभूषा में थीं। हाथों में टोकरी ली हुई थीं। पुरूषों ने पीला और केसरिया वस्त्र धारण कर हाथों में

श्रीराम और हनुमान का केसरिया ध्वज लिए हुए थे जो जय श्री राम और जय बिलासा के जयकारे लगा रहे थे। बिलासा देवी की मूर्ति पर लोगों ने फू लमाला चढ़ाकर पूजा वंदन किया गया।अरपा तट चौपाती में निषाद सामाज के लोगों ने बिलासा की स्मृति और गुहा निषाद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल थे। 16वीं शताब्दी में जब रतनपुर छत्तीसगढ़ की राजधानी हुआ करती थी तो राजा कल्याण सहाय बिलासपुर के पास शिकार करते हुए घायल हो गए थे।उस समय बिलासा केंवटिन ने उन्हें बचाया था। इससे खुश होकर राजा ने उन्हें अपना सलाहकार नियुक्त करते हुए नदी किनारे की जागीर उनके नाम लिख दी थी। बिलासा के नाम पर ही बिलासपुर शहर- बिलासपुर रियासतकाल रतनपुर के कल्चुरि रियासत का हिस्सा था। हालाकि बिलासपुर शहर मराठा सम्रा'य में वर्ष 1741 के आस पास प्रमुखता से उभरा। बिलासपुर शहर का इतिहास 400 साल पुराना है । बिलासपुर जिले का गठन वर्ष 1861 में किया गया है।

बैगा-बिरहोर बसाहटों में बहेगी विकास की बयार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए शुरू की गई योजना पीएम जनमन के तहत कोटा विकासखंड के दूरस्थ गांव खोंगसरा में मेगा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को मिला। पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित शिविर में कुल 43 बैगा व बिरहोर जनजाति के आयुष्मान कार्ड बनाए गए जिनमें से 5 लाभार्थियों को कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किया गया।

कोटा में आयोजित शिविर में बैगा जनजाति के जानकी बाई बैगा, चुन्नी बाई बैगा, जातू राम बैगा, अमर सिंह बैगा और राजकुमारी बैगा को कलेक्टर अवनीश शरण ने आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। आयुष्मान कार्ड मिलने से इन बैगा परिवारो में खुशी की लहर है। लाभार्थी अमर सिंह बैगा ने कहा कि शासन द्वारा

योजनाओं का लाभ दिये जाने से वे खुश हैं। प्रशासन द्वारा घर बैठे कार्ड दिये जाने के लिए अमर सिंह ने आभार जताया। इसी तरह चुन्नी बाई बैगा और जातू राम बैगा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा की कार्ड मिलने से अब इलाज में उन्हे कोई समस्या नही आयेगी व 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उन्हे मिलेगी। सरकार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी उन्हे नही मिल पाती थी लेकिन गांव में ही शिविर लगने से न केवल उन्हे विभिन्न योजनाओं के बारे में पता चला बल्कि उसका लाभ भी उन्हे आसानी से मिल गया जिससे वे काफी खुश है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण की दिशा में एक नई पहल की गई है जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को घर बैठे मिल रहा है।

सिम्स ईएनटी में पिछले साल हुए 6301 सफल ऑपरेशन

कई जटिल ऑपरेशन कर लोगों का बचाया जीवन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल के नाक कान एवं गला विभाग में गत वर्ष 2023 में 1301 केसेस की मेजर सर्जरी एवं 4938 इमरजेंसी एवं माइनर केसेस की सफलतापूर्वक सर्जरी संपादित की गई जिसमें कान के लगभग 100, नाक एवं साइनस की 100, घेंघा रोग की 30, थायराइड कैंसर की 10 और पैरोटीडग्रंथि की 10 सर्जरी शामिल है। जीवन बचाने वाली सर्जरी जैसे सांस नली में छिद्र बनाकर ट्यूब डालना जिसे ट्रैकयोर स्टॉमी कहते हैं, किया गया। साथ ही नाक कान एवं गले में अटकी फॉरेन बॉडी को निकालने का काम भी किया गया। जिससे कई मरीजों को जीवन दान मिला। इस सफलता को प्राप्त करने में प्रोफेसर एवं विभागा अध्यक्ष डॉ

आरती पांडे एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर विद्याभूषण साहू, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर श्वेता मित्तल, सीनियर रेसीडेंट डॉक्टर अंजली ए आर एवं पीजी के छात्रों व एनेस्थीसिया विभाग से डॉक्टर राकेश निगम और उनकी टीम का भारी योगदान रहा। सिम्स बिलासपुर के नाक कान एवं गला विभाग की ख्याति के कारण मध्य प्रदेश राज्य के अनूपपुर जिले का निवासी भी अपनी समस्याओं के साथ जो तेजाब पी लिया था जिसके कारण उसका मुंह खुलना पूरी तरह से बंद हो गया था। ऐसी स्थिति में उसे बहुत से डॉक्टरों एवं अस्पतालों द्वारा रेफर कर दिया गया था। सिम्स के नाक कान एवं गला रोग विभाग में इस मरीज को भर्ती कर उसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इसके उपरांत वह पूरी तरह से बोलने एवं खाने में समर्थ हो गया है। इसी तरह मुंह एवं जबड़े के कैंसर के तीन मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन उपरांत मरीज स्वस्थ जीवन यापन कर रहा है।

कार्यक्रम वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह

44 भूमिगत और 28 खुली खदानों की परखी सुरक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड(एसईसीएल) के वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह 2023 का समापन समारोह आज एसईसीएल दीपका क्षेत्र में किया जा रहा है । एक महापर्व के रूप में मनाये जाने वाले वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़े में खदानों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन जाता है और इनमें विजेता ऑफिसर्स और माइनर्स को सम्मानित भी किया जाता है।

वर्ष 2023 में जबलपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदानों के लिए 20 नवंबर से 03 दिसंबर तक वार्षिक कोयला खान सुरक्षा

पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें 61 एसईसीएल और 11 गैर एसईसीएल के साथ 72 कोयला खदानों ने हिस्सा लिया । पखवाड़े का उद्घाटन 20 नवंबर को सभी खदानों में ध्वजारोहण और सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। साथ ही अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने 20 नवंबर को सुरक्षा निर्देशों से सुसज्जित दो सुरक्षा रथो को हरी झंडी दिखाई / ये सुरक्षा रथ पखवाड़े के दौरान एसईसीएल के सभी क्षेत्रो में भेजे गए और खानों के ठेकेदारी कर्मचारियों को उनके कैंप में तथा विभागीय कर्मचारियों को पार्किंग एवं विश्राम स्थल पर सुरक्षित रहने की कार्यप्रणाली सम्बंधित चलचित्र दिखाए।

इस पखवाड़े के दौरान 44 भूमिगत और 28 खुली खदानों का निरीक्षण, मुख्यालय द्वारा चयनित 25 टीमों ने किया । निरीक्षण के दौरान खान सुरक्षा उपनिदेशकों ने भी खानों का निरीक्षण करने में अपनी महती भूमिका निभाई। निरीक्षण के बाद सभी टीमों द्वारा सुरक्षा मानक के आधार पर दिए गए अंकों को समीक्षा पोर्टल पर अपलोड किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा में शामिल सभी खदानों में अपनों की रक्षा का भाव और उत्साह हमेशा प्रबल रहे इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आयोजित 2023 के पुरस्कार वितरण सह समापन कार्यक्रम में 16 जनवरी को आयोजित हो रहा है । खान सुरक्षा महानिदेशालय के डीजीएमएस प्रभात कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वहीं एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा और डीजीएमएस उप-महानिदेशक श्री एस डी चिद्दरवार साहब की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच पर एसईसीएल निदेशक मंडल सहित कंपनी संचालन समिति , सेफ्टी बोर्ड व वेलफेयर बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे वहीं सभा में एरिया महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष श्रम संघ, यूनियन , एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों , प्राइवेट माइनिंग कंपनियों , मशीन निर्माताओं आदि के द्वारा स्टॉल का प्रदर्शन किया गया जिसमें खनन गतिविधियों, सुरक्षा उपकरणों , आधुनिक तकनीक से खनन आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों द्वारा माननीय कोयला मंत्री के संदेश के साथ 'सुरक्षा स्मारिका' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तदंतर महाप्रबंधक दीपका क्षेत्र श्री अमित सक्सेना ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्प-गुच्छ शॉल पुस्तक से स्वागत किया। मिशन मितवा व मिशन सुदेश एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कंपनी में सुरक्षा की कार्यसंस्कृति को पोषित करने के लिए मिशन मितवा तथा मिशन सुदेश की घोषणा की है जिनमें सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष एसईसीएल में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी देखी गई है।

ट्रेनों के ठहराव की सुविधा में किया विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रसाशन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के जैतवार स्टेशन में 15 जनवरी तक एवं गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के उंचेहरा स्टेशन में 16 जनवरी तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा को निरंतर जारी रखने हेतु इन दोनों गाड़ियों के उपरोक्त स्टेशनों में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है। अब गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन में ठहराव की सुविधा 13 अगस्त तक रहेगी। इसी प्रकार अब गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन में ठहराव की सुविधा 14 अगस्त तक रहेगी।

न्यूज गैलरी

मलगेर नाला पर पुलिया के लिए सर्वे शुरु

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के कुआकोण्डा ब्लॉक के बुरगुम रेवाली क्षेत्र में बहने वाले मलगेर नाले पर पुलिया निर्माण हेतु सर्वे का कार्य कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार प्रारंभ कर दिया गया है। गौरतलब है कि मलगेर नाले के कारण ग्राम बुरगुम, ग्राम रेवाली क्षेत्र मुख्यालय से कटे हुए थे। इसके अलावा वाहन पहुंचने का कोई अन्य मार्ग भी नहीं था। पहुंच मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ती थी। साथ ही शासन की मूलभूत सेवाओं को भी इन क्षेत्रों तक पहुंचाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। फिर कुछ क्षेत्र विशेष होने के कारण भी यहां पुलिया सड़क बनाने में प्रशासनिक कठिनाइयां आ रही थी कुल मिलाकर वर्षा के दिनों में यह क्षेत्र पुरी तरह से अलग-अलग हो जाते थे। बहरहाल कलेक्टर द्वारा इन परिस्थितियों का त्वरित संज्ञान लिया गया और उनके निर्देश के अनुरूप अभी सर्वे का प्रारंभ कर दिया गया है।

मकर संक्रांति पर श्री शीतला माता मंदिर में महाभंडारा

किरंदुल/नवप्रदेश। मकर संक्रांति पर नगर के फुटबॉल ग्राउंड स्थित दुर्गा मंडप में शीतला माता मंदिर आयोजन समिति द्वारा रामायण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। किरंदुल नगर के बीचों-बीच स्थित फुटबॉल ग्राउंड के पास स्थित दुर्गा मंडप में वार्डवासियों द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया था। रामायण पाठ के बाद सामूहिक आरती की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष रामादीन पटेल, संरक्षक राजेंद्र सक्सेना ,सचिव दिनेश साहू , योगेश पिपरिया ,अनिल साहू, बैलाडीला देवस्थान समिति के सचिव ए के सिंह, एवं समिति के सभी मातृ शक्तियों का सहयोग रहा।

बारसूर क्षेत्र से 3 नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सोमवार 15 जनवरी को इन्द्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर दंतेवाड़ा का संयुक्त बल ग्राम तुमरीगुंडा, कोसलनार एवं मंगनार के जंगल/पहाड़ी की ओर सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान ग्राम मंगनार के जंगल/पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे। इस पर पुलिस पार्टी ने घेराबंदी कर 3 संदिग्धों को पकड़ा। पकड़े गये व्यक्तियों ने पूछताछ करने पर अपना नाम लालू राम कड़ती उर्फ कर्मा पिता स्व. बोसे कड़ती (29) जाति मुरिया निवासी पुसालामा लोहरापारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर (डुंगा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य), राजू राम कड़ती पिता स्व. सुकड़ा कड़ती (43) जाति मुरिया निवासी पुसालामा लोहरापारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर (डुंगा पंचायत मिलिशिया सदस्य) और सुदराम कड़ती पिता स्व. सुकड़ा कड़ती (20) जाति मुरिया निवासी पुसालामा लोहरापारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर (डुंगा पंचायत मिलिशिया सदस्य)को पकड़ा गया।

तीन सवारी बिना लाइसेंस वालों की माफीनामा तख्ती के साथ फोटो खिचेगी पुलिस

■ **नियम से चलाने वालों को गुलाब फूल देकर समझाइश**

कांकेर/नवप्रदेश। सोमवार को 34 वाँ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की सुरुआत हुई। इस अवसर पर भाजपा ज़िला महामंत्री दिलीप जायसवाल भाजपा नेता हाजी वली मोहम्मद समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी कांग्रेस नेता दिलीप खटवानी कांकेर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सोमवार से शुरु की गई। जो 14 फरवरी तक चलेगी। इस अवसर पर एसपी ने माफी अभियान का भी शुभारंभ किया। इसमें यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों को मौके पर ही रोक कर उनको दी गई तख्ती पकड़ाकर उनके ही मोबाइल से फोटो खींचकर उनके 5 परिजनों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजेगी ताकि उनके साथ-साथ उनके परिजनों में भी जागरूकता फैले यही वाहन चालक की माफी होगी।

इस दौरान अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। शहर के ऊपर नीचे मार्ग में आयोजित कार्यक्रम के बाद यातायात सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी जाकर यातायात नियमों की जानकारी देगी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नेतुत्व में पूरे एक माह यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी मोहसिन खान ने बताया कि वाहन चालकों को यातायात के नियमों के पालन करने हुए प्रेरित किया जावेगा जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने मे मदद मिलेगी। नशा कर के वाहन चालकों को कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं अनियंत्रित गति ओवर टेक करना पीछा करना,कान फोड़ आवाज़ में हॉर्न बजाना, मोटर साईकिल में तेज आवाज़ तथा रफतार के वाहन चलाना वाहनों का नियमित जांच करना पैदल चलने वालों से होने वाली रुकावटों सहित यातायात के नियमों का अक्षर स पालन कराना मुख्य उददेश है।

भाजपा नेता के हत्यारों के घर पर चले बुलडोजर

■ **राजनीतिक हत्या कांग्रेस की पुरानी शैली: रामू नेताम**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पखांजूर में बीजेपी नेता असीम राय की राजनीतिक हत्या पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने हत्या के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है ।

रामू नेताम ने कहा कि आरोपियों का कृत्य अक्षम्य है ,इसलिए इनके घरों पर उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए ताकि हत्यारों को सबक मिले और दूसरे लोग इस तरह की राजनीतिक हत्या करने से डरें।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर राजनीतिक हत्या कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान विगत 5 वर्षों कई बीजेपी नेताओं की हत्याएं हुई है, ये समस्त हत्याएं ,पखांजूर के असीम राय की हत्या की तरह ही राजनीतिक हत्या है। कांग्रेस पार्टी ही इन हत्याओं की जिम्मेदारी है ।

उन्होंने कि कांग्रेस राज में बीजेपी कार्यकर्ताओं को चुन चुन कर मारा गया है। कई हत्याओं में नक्सलियों का इस्तेमाल किया गया है। इन घटनाओं की जांच होनी चाहिए ।

रामू नेताम ने सत्ता में बने रहने कांग्रेस हमेशा राजनीतिक हत्या का सहारा लेती रही है। चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी इस बात को समझ लें कि प्रदेश में अब बीजेपी की सरकार है और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 20 को

नारायणपुर/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में सत्र 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 का आयोजन नारायणपुर जिले के 8 परीक्षा केन्द्रों पर 20 जनवरी 2024 को किया जाएगा। पंजीकृत विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र वेबसाईट से रजिस्ट्रेशन नंबर एवं जन्मतिथि पुष्टि कर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर कोई समस्या होने पर जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में कार्यालयीन समय में कार्यालय आकर या मोबाईल नंबर 9570825466 (कलामुद्दीन अंसारी) 7013656406 (आर. जी. नायडू) से संपर्क कर सकते हैं।

कैदियों को हुनर सीखा कर बना रहे हैं आत्मनिर्भर

■ **जीने की नई राह दिखा रहीं है 'आरसेटी'**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला जेल में बंद कैदियों को भी अब जीने की नई राह मिलने लगी है, ताकि वे बाहर आने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त ना होते हुए आत्मनिर्भर प्राप्त कर सकें। जिला प्रशासन की अभिनव पहल तथा जेल अधीक्षक गोवर्धन शोरी के मार्गदर्शन में ''आरसेटी'' (रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग) डायरेक्टर एम.आर.राजू के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) दंतेवाड़ा द्वारा बंदियों को 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस क्रम में ''आरसेटी'' की प्रशिक्षकों मे से एक सुश्री श्रुति अग्रवाल यहां बंदियों को फास्ट फूड जैसे भेलपुरी, पानीपुरी, मोमोज, मंचूरियन, चाउमीन, समोसा, कचौड़ी, पाव भाजी, वेज पुलाव, पकोड़ा आदि जैसे चटपटे व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण दे रहीं हैं। प्रशिक्षण फैकल्टी के धनंजय टंडन एवं ओम प्रकाश साहू भी कैदियों की रुचि के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। जो पढ़ना चाहते हैं, उनके लिए पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई की व्यवस्था भी है। साथ ही मत्स्य, कुक्कुट पालन जैसी रोजगार परक गतिविधियों आदि यूट्यूब के माध्यम से सिखाई जा रही है। जेल अधीक्षक ने बताया कि इन नवाचारों के पीछे हमारी एक मात्र मूल भावना है कि घृणा अपराध से की जाए, अपराधी से नहीं। हमारा उद्देश्य है कि जेल से छूटने के बाद कैदी समाज में जाकर ग्लानि का जीवन न जीएं और वे अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज के साथ पुनः मिल-जुलकर रहें और रोजगार कर सम्मान से जीवन यापन करें। ऐसा करने के लिए निश्चित ही यह जरूरी है कि वह किसी भी हुनर में पारंगत हो। स्पष्ट है यदि हुनर नहीं होगा तो वे आर्थिक जरूरतों के चलते फिर से अपराध की राह पकड़ सकते है।

अच्छे नागरिक की तरह जीवन जिएं-इसके अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षण फैकल्टी के प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण देने के पीछे हमारा उद्देश्य है कि कैदी जेल से छूटने के बाद दोबारा अपराध करने के बजाय एक अच्छे नागरिक की तरह अपना जीवन जी सकें।

बीएसएफ जवान हुआ ठगी का शिकार

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस विभाग की सायबर ठगी के खिलाफ़ जन जागरूकता अभियान बाजार ग्रामीण अंचल सहित शहरीय क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर लोगो को जागरूक किया जाता है। फिर भी ठगों के ठगी का शिकार लोग बनते जा रहे हैं। ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है की ठगों ने नक्सलियों से लोहा ले रहे बीएसएफ के जवान को लाखों का ठगी का शिकार बनाया है। कांकेर एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीएसएफ के जवान ने बांदे थाने में अपने साथ हुए सायबर ठगी का मामला दर्ज कराया है। बीएसएफ का जवान 94 वाहिनी में निरीक्षक के पद पर कन्हारगांव कैम्प में पदस्थ है । बांदे थाना प्रभारी ने बताया कि बीएसएफ जवान का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा फर्रूखाबाद में है, जहां खाता को सीएपीएसपी खाता में परिवर्तन करने के लिए जवान ने गूगल में शाखा फर्रूखाबाद के बैंक प्रबंधक का मोबाइल नंबर सर्च किया था सर्च के बाद गूगल में मिले नम्बर में जवान ने बात कर सीएपीएसपी खाता में बदलवाने की जानकारी चाही थी, लेकिन ठग करने वाले ने ऑनलाइन खाता बदलने की बात कही और गुगल प्लेस्टोर से कस्टमर एप के नाम से एपलिकेशन जवान को डाउनलोड कराया।

किसान मोर्चा की रैली पर सोशल मीडिया में टिप्पणी, जताई नाराजगी

भोपालपटनम/नवप्रदेश। सोमवार 15 जनवरी को किसान मोर्चा तहसील भोपालपटनम के बैनर तले क्षेत्र के किसानों और आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर रैली निकालकर आमसभा की थी। इसमें क्षेत्र के किसानों एवं आदिवासियों ने स्व स्फूर्त भाग लिया था। इस रैली और सभा पर भैरमगढ़ निवासी अजय सिंह ने सोशल मीडिया टिप्पणी की है। महारैली कांग्रेस पार्टी प्रायोजित रैली है। किसान मोर्चा ने विज्ञप्ति जारी अजय सिंह को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह रैली विशुद्ध रूप से किसानों एवं आदिवासियों की रैली है और रमेश पामभोई भी एक किसान हैं। उनके अलावा क्षेत्र के सभी लोग जानते हैं। यदि किसानों को 5000 धान का मिलता है 32त्न आरक्षण आदिवासियों को मिलता है यदि आदिवासियों को धर्म कोड मिलता है तो अजय सिंह को तकलीफ क्यों हो रही है। इससे स्पष्ट होता है कि अजय सिंह आदिवासी विरोधी, किसान विरोधी हैं। उनके स्टेटमेंट से स्पष्ट हो रहा है कि वह किसान विरोधी हैं। उनके इस स्टेटमेंट से किसानों में आक्रोश है। यह किसान संघ द्वारा प्रायोजित रैली थी। इस रैली में कांग्रेस ही नहीं भाजपा से ताल्लुक रखने रखने वाले किसान भी शामिल हुए थे। टिप्पणी करने से पहले जान लेना जरूरी है कि किसानों की रैली को व्यापारियों का समर्थन मिला हैऔर व्यापारियों ने किसानों के समर्थन में अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हम इस संबंध अजय सिंह से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की अपील करते हैं। नहीं तो उनके खिलाफ उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। पूरे जिले के आदिवासी एवं किसान अजय सिंह के घर का घेराव करेंगे।

बैलाडीला देवस्थान समिति ने कलेक्टर-एसपी को किया आमंत्रित

किरंदुल/नवप्रदेश। पौष शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी के बाल रूप नूतन विग्रह को विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस शुभ अवसर पर बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार किरंदुल के तत्वावधान में सर्व सनातन समाज किरंदुल के सहयोग से 19 से 22 जनवरी तक शोभायात्रा, संगीतमय श्रीराम कथा, भजन संध्या, श्री रामचरित मानस सुंदरकांड पाठ, हवन, भंडारा, महादीप यज्ञ, महाआरती का आयोजन किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के सचिव ए के सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, राजेन्द्र यादव, रवीश तिवारी, ओम कुमार साहू द्वारा दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के जिलाधीश मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, डिप्टी कलेक्टर आनन्द राम नेताम को उनके कार्यालय जाकर आमंत्रित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा...

था कि 2 जनवरी को न्यूनतम विधियों की जरूरत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में दिन के 12:20 बजे प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान आरंभ होगा। यह पूजा करीब 40 मिनट तक चलेगी। इसके बाद करीब 75 मिनट पीएम मोदी, सीएम योगी, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

जनता का एक-एक...

था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवा इन सबकों ज्यादा से ज्यादा सशक्त किया गया है। सरकार की योजनाओं के केन्द्र में वही लोग सर्वोपरि है जो वंचित थे, शोषित थे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे। सरकार ने गरीबो की सेहत, शिक्षा और रोजगार एवं स्वरोजगार पर खर्च किया है और उनकी सुविधायें बढ़ाई है। अब तक गरीब का सामार्थ्य बढ़ा है और सुविधायें मिली है जो वो गरीबी से बाहर निकलने लगा है।

डीपफेक के खिलाफ 7...

वीडियो नकली है और धोखा देने के लिए बनाया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम...

रहे हैं। राम मंदिर को लेकर देश के कोने-कोने में हिंदुओं की गहरी भावना है। वे सोचते हैं कि जो कुछ झूठ वे बोलेंगे लोग उसे मान लेंगे। लेकिन भारत के लोग काफी समझदार हैं। राहुल गांधी की राजनीति तो समझते हैं। हम यह फैसला जनता पर छोड़ेंगे कि उन्हें राहुल को क्या जवाब देना चाहिए।

'आप' के प्रदेशाध्यक्ष...

2018 के चुनाव में 'आप' ने 85 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 0.87 फीसद मत प्राप्त हुए थे। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी के कई उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। प्रदेश अध्यक्ष रहे ठ्ठ शेष पृष्ठ 6 पर

कोमल हुपेंडी ने भानुप्रतापपुर सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। कोमल हुपेंडी 15255 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

नि.आ.सू. क्रमांक : 04/ सा./2023-24 बिलासपुर, दिनांक 12.01.2024

निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

आनलाईन निविदायें कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., रा.रा. संभाग, अंबिकापुर (छ.ग.) के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 23.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
1	2	3
01-	BITUMINOUS ROAD REPAIR IN KM 80.600 TO 110.000 UNDER BALRAMPUR DISTRICT ON AMBIKAPUR RAMANUJGANJ GARWA ROAD NH-343.	रु. 95.06

निविदा प्रपत्र आनलाईन लोक निर्माण विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 23.01.2024 तक कय की जा सकेगी। अन्य विवरण उपरोक्त वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

जी-07117/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग रा. रा. मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंधन संभाग, जांजगीर जिला-जाजंगीर-चांपा (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(चतुर्थ आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 151282 निविदा सूचना क्र. 09/व.ले.लि./ ई-प्रोक्युरमेंट/2023-24, दि. 12-01-2024 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 29.01.2024 समय 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - **बिलासपुर जिले के बिलासपुर में मुख्य अभियंता कार्यालय, कुदुदंड, नूतन, सकरी आवासीय परिसर का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य तथा अनुविभागीय कार्यालय भवन का निर्माण।**

अनुमानित लागत - रु. 291.92 लाख
(विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.01.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-07092/8

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंधन संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

''एनएमडीसी - बालिका शिक्षा सहयोग योजना'' 2023-24
छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र

फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं मुहर

1. आधार नं. (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
2. जन्म तिथि (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
3. छात्रा का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। वर्ग अ. जाति ☐ अ.जनजाति ☐ अ.पि. वर्ग ☐ सामान्य ☐ (✓) का निशान लगावें।
6. परिवार की कुल वार्षिक आय :----------------
7. फोन/मोबाइल नं. (अनिवार्य) :----------------
8. पत्राचार का पता : ग्राम/नगर :---------------- पोस्ट आफिस ----------------
ब्लाक ---------------- तहसील ---------------- जिला ---------------- पिन ----------------
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम :---------------- पोस्ट आफिस ----------------
ब्लाक ---------------- तहसील ---------------- जिला ---------------- पिन ----------------
10. वर्ष 2023 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम :- ---------------- प्राप्तांकों का प्रतिशत ----------------
11. कृपया अपने बैंक के बचत खाते का विवरण दीजिए :-
(i) बैंक का नाम :---------------- शाखा का नाम तथा स्थान ----------------
(ii) बचत खाता नम्बर :---------------- शाखा का IFSC कोड ----------------

दिनांक ---------------- छात्रा का हस्ताक्षर ----------------
स्थान ---------------- छात्रा का नाम ----------------

वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षा संस्थान द्वारा सत्यापन

यह प्रमाणित किया जाता है कि ---------------- (छात्रा का नाम) श्री/श्रीमती ---------------- (अभिभावक का नाम) ---------------- (स्कूल/कालेज/शिक्षा संस्थान का नाम) कक्षा -------- में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत हैं। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है।

दिनांक :----------------
पता :---------------- हस्ताक्षर प्राचार्य
नाम :----------------
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य/संस्थान ---------------- शिक्षण संस्थान की सील
विद्यालय संस्थान का ई-मेल ----------------

संलग्नों की चेक लिस्ट(✓का निशान लगाएं (1) आधार कार्ड की कापी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति (अनु. जाति, अनु. जनजाति, अ.पि.व. हेतु) मूल निवास (सभी वर्ग हेतु) एवं आय प्रमाण पत्र (अ.पि.व. एवं सामान्य वर्ग हेतु) की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटो कापी ☐ (4) बैंक द्वारा जारी नवीनतम IFSC के साथ पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकापी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित है ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन नन (6) BPL राशन कार्ड ☐ कार्ड नं. ☐

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 20.02.2024

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें :-

1. यह योजना केवल बालिकाओं के लिए हैं।
2. छात्रा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग की हो, एवं सभी वर्ग BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. छात्रा, बस्तर संभाग का मूल निवासी होना चाहिए।
5. पिछड़ा, सामान्य वर्ग की छात्रा हेतु पारिवारिक आय रु. 72,000/- वार्षिक से अधिक न हो। प्रमाण पत्र 01.01.2023 के बाद का निर्गत होना चाहिए।)
6. छात्रा अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेम किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैर न्यायिक (Non-Judicial) स्टैंप पेपर पर गेप प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाण पत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटेकापी संलग्न करना अनिवार्य है।
8. विद्यार्थी अपने बैंक से प्राप्त पासबुक अद्यतनीकृत खाता क्रमांक एवं IFSC कोट के साथ प्रथम पृष्ठ छायाप्रति संलग्न करें।

नोट :- पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय प्रबंधक (ने.सा.दा.) बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग.494556 में दिनांक 20/02/2024 तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर **''NMDC बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2023-24 हेतु आवेदन पत्र''** अवश्य लिखें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

लोकसभा की तैयारी में जुटा प्रशासन

पाटन/नवप्रदेश। विकास खंड के ग्राम भनसूली में आज एसडीएम दीपक कुमार निकुंज और तहसीलदार प्रकाश कुमार सोनी ने दौरा किया। यहां पर आज पाटन अनुभाग अंतर्गत सभी आर ओ द्वारा अलग अलग सभी बी एल ओ की क्लस्टर वार बैठक लेकरए एस डी , डी एस ई, पी एस ई के सम्बंध में मोबाइल में समक्ष कार्य करवाया गया और शेष कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा एसडीएम और तहसीलदार ने अन्य गांव का दौरा किया जिसमे दरबार मोखली,गुजरा, पंदर, सेमरी,नवागांव, गब्दी, बैलोदी एवम आमलोरी के बी एल ओ का एसडीएम दीपक कुमार निकुंज और तहसीलदार पाटन प्रकाश कुमार सोनी द्वारा एस डी , डी एस ई, पी एस ई , सूची एवम निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई । जिससे सभी बी एल ओ और सुपरवाइजर को कार्य करने में आसानी हो सके।

22, 26 एवं 30 को शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 22, 26 एवं 30 जनवरी 2024 को जिले के सभी मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। 22 जनवरी दिन सोमवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजित होना है, वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाना है। इस अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं लायसेंस अर्थात् सी. एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट), एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ कम्पोजिट) एफ एल. 3 (होटल बार), एफएल.-3 (क), एफएल.-3 (ग), एफएल. 4 (असैनिक विनोद गृह), एफएल.-4क (व्यवसायिक क्लब), एफएल. 7/8 (सैनिक कैंटीन), एफएल.-9/9ए, सी.एस.1-ख थोक भांग एवं भांग घोटा की फुटकर दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई को पूर्णतः बंद रहेंगे। आदेश का कड़ाई से पालन कराने कहा गया है।

साप्ताहिक कार्यक्रम महक का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम 'महक' के तहत सिविक सेंटर स्थित पायोनियर मोनुमेंट में सप्तक संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। संध्या 7.30 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत व समूह गीतों के माध्यम से अपनी गायन कला का प्रदर्षन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। विदित हो कि स्थानीय सांस्कृतिक संस्थाओं सहित लोक संगीत, नाटक, नृत्य एवं कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों में स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति शनिवार को बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा साप्ताहिक महक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का अवसर प्राप्त होता है।

अवैध शराब के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने छेड़ा अभियान

पाटन/नवप्रदेश। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण एवं अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है। पेट्रोलिग के दौरान मुखबीर सूचना की सूचना पर रानीतराई बाजार चौक में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछने पर अपना नाम ईश्वरी देवांगन पिता लछन देवांगन उम्र 59 वर्ष ग्राम असोगा थाना रानीतराई जिला दुर्ग का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 10 पौवा देशी मसाला शराब एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा शराब मिलने पर मौके पर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया आरोपी के द्वारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट का उलंघन करना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द कर आरोपी ईश्वरी देवांगन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

रिटर्निंग एवं सहायक अफसरों की नियुक्ति

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचित पदनाम के अनुरूप सुचारू रूप से कार्य संपादन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रं. 7 दुर्ग के रिटर्निंग अधिकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग होगी। इसी प्रकार विधानसभावार क्रमशः 62 पाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन श्री दीपक कुमार निकुंज, 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग श्री मुकेश रावटे, 64 दुर्ग शहर के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग श्री अरविन्द कुमार एक्का, 65 भिलाई नगर के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग श्री गोकुल रावटे, 66 वैशाली नगर के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी तथा 67 अहिवारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा श्री विनय कुमार सोनी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

फेफड़े की बीमारी से पीड़ित मासूम, पिता ने मदद की अपील

भटगाव/नवप्रदेश। छेरछेरा का दान बीमार आयुष बरेठ को करने पिता की अपील है संसार में कुछ भी स्थाई नहीं है और किस मनुष्य का जीवन कब गंभीर परिस्थिति से गुजारना पड़े, यह कह पाना संभव नही है। जिले के पत्रकार गोविंदराम बरेठ के बेटे आयुष बरेठ हृदय और फेफड़े से जुड़े गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका इलाज अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पिटल चेन्नई में चल रहा है। हार्ट में तीन ऑपरेशन और फेफड़ा में ऑपरेशन हुआ है। इसके साथ साथ अन्य और कई जांच चल रहा है, जिसका अभी तक का इलाज में खर्च 42 लाख हो गया है। इतनी बड़ी राशि एक साधारण परिवार के बजट से बाहर है, मकान, जमीन और गहने बेचने पर भी संभव नही है। पिता ने छत्तीसगढ़वासियों से अपील किया है कि किसानों का पर्व छेरछेरा का दान आयुष बरेठ को मोबाइल नंबर 8120934428 में (गोविंदराम बरेठ को) गूगल पे, फोन पे या अन्य यूपीआई से करें। उल्लेखनीय है कि मां दुर्गा, भगवान श्री गणेश के पर्व और वर्तमान में श्रीराम जी के अयोध्या मंदिर के लिए जिस तरह से असंख्य दानदाताओं द्वारा दान दिया जाता है, उन सभी से उम्मीद है कि इस बालक के इलाज के लिए भी दान करेंगे।

खरसिया में एलटीटी-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस का मिला स्टॉपेज

भाटापारा/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के खरसिया स्टेशन में गाड़ी संख्या 22511/22512 एलटीटी-कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । गाड़ी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस 17 जनवरी से तथा गाड़ी संख्या 22512 कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस 21 जनवरी से खरसिया स्टेशन में रुकेगी । 22511 एलटीटी-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस, खरसिया स्टेशन 08.57 बजे पहुंचेगी तथा 08.59 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार 22512 कामाख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस खरसिया स्टेशन 23.37 बजे पहुंचेगी तथा 23.39 बजे रवाना होगी। खरसिया स्टेशन में इस ट्रेन की सुविधा मिलने से वहां के यात्रियों को असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा तथा महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों के लिए सीधी आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

कैंप 2 के उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक माह से नहीं है डॉक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

जनदर्शन में प्राप्त हुए 134 आवेदन, आवेदन में हुई त्वरित कार्यवाही कुम्हारी निवासी दिव्यांग को मिला ट्रायसायकल

दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 134 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ट्रायसायकल प्रदाय करने हेतु आवेदन लेकर पहुंचे कुम्हारी निवासी दिव्यांग तत्काल व्हीलचेयर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत गरीब व असहाय है, जिसके चलते उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरेश गेंडरे को समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर तत्काल ट्रायसायकल प्रदान किया गया। व्हीलचेयर मिलने पर सुरेश गेंडरे ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

संतोषी पारा वार्ड नम्बर 33 केम्प 2 भिलाई के उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर उपलब्ध कराने एवं पेयजल व शौचालय संधारण की मांग की। भिलाई निवासियों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर मौजूद नही होने कारण महिलाओं को बच्चे के टीकाकरण एवं अन्य उपचारों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जो डॉक्टर उपस्थित थे उनका स्थानांतरण हो गया है। विगत एक माह से डॉक्टर पदस्थ नही है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों का आना-जाना हमेशा लगा होता है। यहां पेयजल एवं शौचालय की सुविधा नही होने के कारण कार्यरत लोगों एवं मरीजों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम खम्हरिया निवासी बलीराम देवांगन वृद्धा पेंशन दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण किसी प्रकार की रोजी मजदूरी करने में असमर्थ हूँ। अगर वृद्धा पेंशन मिलता तो भरण-पोषण में सहायता मिल जाती। इसी प्रकार भिलाई निवासी ने आवास आबंटन के लिए आवेदन दिया। आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह पैरों से विकलांग है तथा पूरी तरह से अपने परिवार पर आश्रित हूँ। पत्नी काम करती है, जिससे घर का जीवन यापन चलता है। आवास नही होने के कारण साले के घर में रहना पड़ता है। गरीबी रेखा के तहत किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

गैंगस्टर तपन सरकार गिरफ्तार कई दिनों के तलाश बाद पकड़ाया

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले का गैंगस्टर तपन सरकार पकड़ा गया है। सोमवार सुबह इसे भिलाई खुर्सीपार की पुलिस ने रायपुर के एक फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है। पुलिस को दुर्ग के करीब 1 साल पुराने मर्डर केस में यह फरार चल रहा था। इसे पुलिस ने मुंबई समेत कई शहरों में तलाश किया था। तपन सरकार को सोमवार को दुर्ग की अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

तपन के अलावा पुलिस ने 5 और लोगों को गिरफ्तार किया है। भिलाई में होली के दिन हुए मर्डर केस में तपन सरकार को भी आरोपी बनाया गया था। इसके ही इशारे पर एक युवक शुभम राजपूत का गला काटा गया था। दुर्ग की पुलिस को शक था कि शुभम मर्डर केस में नाम सामने आने के बाद वो प्रदेश छोड़कर भाग चुका है। नागपुर, मुंबई में तपन के गुर्गों के अड्?डों पर छापेमारी भी की गई थी। रविवार की रात पुलिस को खबर मिली कि तपन रायपुर के एक फार्म हाउस में है। पुलिस की टीम भिलाई से रायपुर पहुंची। सोमवार को सुबह-सुबह करीब 5 बजे जब सब सो रहे थे तब फार्म हाउस में टीम ने धावा बोल दिया और तपन पकड़ा गया। तपन ने रायपुर में अपने एक परिचित के फार्म हाउस में पनाह ले रखी थी। ये फार्म हाउस गोबरा-नवापारा से लगे इलाके जौंदा गांव के चम्पारण में है। तपन के साथ विद्युत चौधरी, प्रभाष सिंह, सतीश चंद्राकर, अन्नू दुबे और फॉर्म हाउस के मालिक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी में ये बात कही गई है कि तपन के कहने पर भिलाई में शुभम नाम के युवक की हत्या हुई थी। जब फार्म हाउस से तपन को पकड़ा गया तो इसने घटना में शामिल नहीं होने की बात बताई थी। लेकिन इस केस में तपन का ही एक गुर्गा सेवक पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। इसी ने गला काटकर युवक की जान ली थी। जब पुलिस ने कड़ाई की तो तपन ने कबूला कि हां उसे मैंने ही मरवाया है, मेरे ही कहने पर सेवक ने शुभम की गला काटकर जान ली थी।

सफाई कर्मियों ने लगाया यौन शोषण का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम की दो महिला सफाई कर्मियों ने सुपरवाइजर गणेश, कांग्रेस नेता रॉबिन सिंह और जोनल साहिल और मधु पर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया है। दोनों पीड़ित बहने और उनकी मां निगम क्षेत्र में सफाई करते हैं। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज कर जांच में जुट गई है। आरोप है कि वो आए दिन दोनों बहनों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करते हैं। गणेश उनसे कहता है कि उसके घर पर कोई नहीं है। वो दोनों वहां चलकर उनकी मर्जी से काम करें। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उनका कहना है कि उसके वार्ड में सभी सफाई कर्मी उम्र दराज हैं वहीं दोनों युवा है। इसलिए उनसे वो अपनी मर्जी का काम लेगा। जब महिलाओं ने उसके घर जाने से मना किया तो उन्हें काम से निकाल देने की धमकी दी। इसके बाद वैशाली नगर जोन के सफाई कर्मियों के जोनल मधु और साहिल उन्हें परेशान करने लगे। उन्होंने कहा कि वो गणेश की बात मानेंगी तो खुश रहेंगी। जब शाहिल को फोन लगाया गया और मैसेज किया गया, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जबकि गणेश का कहना है कि उसने उनकी मां को दूसरे जोन में भेजा था। इससे वो नाराज हो गईं। वो अपनी मां के साथ एक जगह पर काम करना चाहती हैं। जब मैं नहीं माना तो झूठा आरोप लगा रही है। जामुल पुलिस मामला दर्ज कर रही है, लेकिन इसकी जांच भी होगी।

राम दरबार से निकली अक्षत कलश शोभायात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जवाहर नगर में अयोध्या राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण संबंधित पूजित अक्षत कलश श्री सोमनाथ शिवमंदिर में स्थापित राम दरबार से निकल कर पूरा जवाहर नगर आशा नगर होते हुए सभी नगर वसियों को अयोध्या राम जन्मभूमि के निमंत्रण हेतु पूजित अक्षत और पत्रक तथा भव्य राम मंदिर के चित्र का वितरण करते हुए पुनः जवाहर नगर गेट स्थित श्री हनुमान मंदिर में बड़े ही धूम धाम के साथ संपन्न हुई। जहां मकर संक्रांति उत्सव मनाते हुए सभी कालोनी वसियों ने तिल लड्डू का प्रसाद पाया तथा शोभायात्रा में सम्मिलित जवाहर नगर की शीतला मानस मंडली की महिलाओं ने पोहे का भोग कराया। उक्त कार्यक्रम में जवाहर नगर समिति के पूर्व अध्यक्ष हरनारायण सिंह राजपूत, रोशनी ठाकुर, असीम मिश्रा तथा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के मीडिया प्रभारी अनुराग त्रिपाठी, लिपिक संघ के प्रांतीयसचिव संतोष कुमार त्रिपाठी ने बढ़-चढ़ कर सहयोग किया। उक्त कार्यक्रम में पीएन मिश्रा, गिरधारी शर्मा, अशोक शर्मा, वैभव कुमार वर्मा, मुकुंद भारद्वाज सहित सभी कालोनी वसियों ने समा बाँधा। उपनगर से नागेश शर्मा, ललित शर्मा, निर्भय सिंह तथा भाजपा के जितेंद्र राजपूत, शिवेंद्र परिहार आदि की गरिमामय उपस्थिति में बहुत ही आनंद और हर्ष पूर्वक जय श्री राम के नारों तथा राम भजनों के साथ भव्य शोभायात्रा के साथ अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया।

कुम्हारी को मिला स्वच्छता के लिए क्लीन सिटी का पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों में छत्तीसगढ़ को विभिन्न पुरस्कार की श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। इनमें कुम्हारी को स्वच्छ श्रेणी में क्लीन सिटी सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम ने आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की। कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा, गौरव केशरवानी जिला समन्वयक, हरिकिशन पवारिया, स्वच्छता शोभा चक्रधारी ने मोहुवा सचिव मनोज जोशी के हाथों से पुरस्कार ग्रहण किया। राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद राजेश्वर सोनकर ने कहा कि कुम्हारी ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह प्रथम अवसर है कि राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। छत्तीसगढ़ के 5 शहरों में से कुम्हारी भी है हम आगामी वर्षों में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

संचिता को मिला पांचवा स्थान

नगरी/नवप्रदेश। शिक्षण विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के भूगोल अध्ययन शाला की छात्रा संचिता साहू ने एम ए/ एम एस सी भूगोल सत्र 2022-23 के संयुक्त मेरिट सूची में विश्वविद्यालय में पांचवा स्थान हासिल किया। संचिता साहू डाइट नगरी में कार्यरत डी के साहू सहायक प्रध्यापक के सुपुत्री है । संचिता साहू की इस उपलब्धि के लिए भूगोल विभाग के अध्यक्ष डां.उमा गोले,डां.टिके सिंह,शिवशंकर मैटी,दीपक बैज, तीतू साहू, उज्जवल साहू, गैंद साहू,सोनराज साहू, डी के साहू, महेश्वर जय सिंधु,के पी साहू,पी राय,कंजन सिंह ध्रुव, बी एम गजेन्द्र, नरेंद्र देवांगन,हिममणी सोम,जोहन नेताम, संगीता रणघाटी, अरविंद सार्वा, ईश्वरी ध्रुव एवं अन्य साथियों ने हर्ष जताया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गुरुगद्दी की पूजा कर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने लिया आशीर्वाद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने पंचशील नगर बलौदाबाजार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित नामायन एवं गुरुगद्दी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान गुरुगद्दी का पूजा कर बाबा गुरु घासीदास का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन,विजय केसरवानी,आलोक अग्रवाल,रितेश श्रीवास्तव,अन्य पार्षद गण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी गण बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित

यातायात जागरूकता रथ को एसपी ने किया रवाना

धमतरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सोमवार को कोतवाली के पास गांधी मैदान में 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् यातायात जागरूकता रथ और हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया जाएगा। यातायात उप पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में गांधी मैदान में यातायात जागरुकता माह के अंतर्गत पहले दिन यातायात जागरूकता रथ एवं बाइक रैली निकाली गई। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करे। एक्सीडेंट के मामलों में 80 से 90त्न मृत्यु हेलमेट नहीं लगाने के कारण एवं सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण होती है।एसपी प्रशांत ठाकुर ने कहा कि 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 से जनवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागृत करना है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार,उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चंद्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, निरी. ब्रिजेश तिवारी, निरी.राजेश मरई,निरी.सन्नी दुबे,उनि खेमराज साहू सउनि.चंद्र शेखर देवांगन,रामकृष्ण साहू,बोधन ध्रुव, सुरेश नेताम, रामावतार राजपूत, एवं बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गजानन साहू आदि उपस्थित थे।

पीएम ने जनमन योजना की पहली किश्त की जारी

■ **सड़क, बिजली, नल से जल, वन धन विकास केंद्र, आंगनबाड़ी, छात्रावास आदि की दी स्वीकृति**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना अंतर्गत पीएम आवास योजना की पहली किश्त जारी की। इससे देशभर के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के लगभग एक लाख लोग लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके अलावा पीवीटीजी सदस्यों के विकास के लिए सड़क, बिजली, नल से स्वच्छ जल, वन धन विकास केंद्र, आंगनबाड़ी, छात्रावास, मल्टीपरपज केंद्रों, एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट की परियोजना की स्वीकृति भी दी। इस दौरान पीएम श्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन लोगों से भी बात की, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को बताया कि रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, नल से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पीएम जनमन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत पोंड में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू सहित कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री से हितग्राहियों का सीधा संवाद सुना। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के योजनाओं के प्रस्तुति के लिए विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्री साहू एवं अतिथियों ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति आबादी क्षेत्रों में जाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, एडीएम अविनाश भोई, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष छुरा श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, गरियाबंद श्रीमती लालिमा ठाकुर, अनिल चंद्राकर, संदीप पांडेय, सागर मयाणी, श्री अजय रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी कमार समुदाय से बनसिह सोरी, सुखचंद सहित विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सदस्यगण एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अवसर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एक ओर अयोध्या में दिवाली मन रही है। दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़ी जनजाति परिवार में भी दिवाली मन रही है। उनके बैंक खाते में पक्के घर के लिए आज पैसा ट्रांसफर किया गया। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अब पीवीटीजी सदस्यों के नए घर बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। इस बार वह दिवाली नए पक्के घर में मनाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी न कहा कि अति पिछड़े जनजाति सदस्यों तक सरकारी योजना पहुंचे, इसी उद्देश्य से पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है।

न्यूज गैलरी

नशा को हराएंगे, राम को घर-घर पहुंचाएंगे

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम भिलौनी में गायत्री परिवार एवं ग्रामीणों के द्वारा भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र का वितरण कर नशा मुक्ति का संदेश देते रैली निकाली। भव्य रथ में प्रभु राम की प्रतिमा, अक्षत कलश को गांव का भ्रमण कराया। माताओं एवं बहनों ने आरती पूजन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की।इस दौरान जय-जय श्री राम, नशा भारत छोड़ो का नारा गूंजता रहा। नशा मुक्ति के गीत, मारो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया और नशे से बचने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मण वर्मा ,मत्रू वर्मा ,कमोद ठाकुर, चंद्रशेखर वैष्णव, खोमराम साहू ,अखिलेश यदु, त्रिवेणी वैष्णव, लक्ष्मी नारायण साहू ,सुरेंद्र साहू, रामजी साहू के साथ-साथ गांव की महिलाओं एवं बच्चों का विशेष योगदान दिया।

सर्व हिन्दू सनातन संगठन के पदाधिकारी कलेक्टर से मिले

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने नए कलेक्टर रणवीर शर्मा से सौजन्य मुलाकात की और इस अवसर पर किसान नेता ने कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा नेता ने कलेक्टर को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कलेक्टर से विशेषकर किसानों के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। किसान नेता ने बताया कि वह हर साल धान खरीदी केंद्रों का सतत निरीक्षण करते हैं। जहां उन्होंने कई बार किसानों से अधिक मात्रा में धान लिए जाते पकड़ा है। वहीं हर खरीदी केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक कांटा से धान की खरीदी किए जाने की मांग रखी है और जिले के राजस्व संबंधित मामलों को जल्द निराकरण करने का निवेदन किया। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि सभी कार्य के समय अवधि में ही पूरा किया जायेगा। इस दौरान नंदू राठी, सौरभ मिश्रा, निखिल जैन, मनोज पटेल, पीयूष शर्मा, अखिलेश मारकंडे, राजू साहू, भुवनेश्वर बघेल, राजेश मारकंडे, वैभव यादव, शिवम दीवान, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन, नरेश राय, बलराम राय आदि उपस्थित थे।

आपदाग्रस्त परिवारों को 12 लाख की आर्थिक मदद

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर रनबीर शर्मा द्वारा जिलें के 3 विपत्तिग्रस्त परिवार को 4-4 लाख रुपये की मान से 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ज्ञात हो कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बेरला के ग्राम अछोली निवासी दिलीप साहू की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन गायत्री साहू को 4 लाख, तहसील नवागढ़ के ग्राम गांगपुर निवासी नीरज ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन रामअवतार ध्रुव को 4 लाख रुपये एवं तहसील साजा के ग्राम तेन्दुवा निवासी कृष्णा पटेल की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन चिन्नरेखा पटेल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिलाधीश ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के माध्यम से हितग्राहियों/आवेदक के बैंक खाते में सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य का अवलोकन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत पहुरनार एवं चेरपाल शिविर में आयुष्मान कार्ड के पंजीयन एवं वितरण का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने शिविर में आए लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए तथा आयुष्मान कार्ड से होने वाले लाभ के बारे में जिले के अंतिम व्यक्ति तक उक्त योजना का लाभ पहुंचाने के संबंध में अनिवार्य रूप से जानकारी देने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चेरपाल के उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ गौतम कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय मौजूद थे।

मुरुम का अवैध खनन जोरों पर, विभाग बना मूकदर्शक

- लीज की आड़ में खुलेआम खनन व परिवहन

साजा/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम सुवरतला में महीनों से मुरुम का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इस ओर संबंधित विभाग के अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। सुवरतला में तालाब बनाने केनाम पर अनुमति ली गई है। परंतु मुरुम के फेर में ठेकेदारों व्दारा मुरुम की खुदाई कर परिवहन की जा रही है। खनन कार्य भी नियमों को ताक पर रखकर की जा रही है। संबंधित विभाग का संरक्षण मिला हुआ है। विगत कई महीनों से इस मुरुम खनन का गंभीर मामला सामने आने पर भी खनिज, परिवहन, राजस्व व पंचायत संबंधित सारे नियमों व कायदे कानून को तोड़कर दिनदहाड़े खनन कर गैरकानूनी कारोबार किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी इस अवैधानिक गतिविधि पर मेहरबान हैं।

सुवरतला जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत गहिरा नवागांव का आश्रित ग्राम है। जो गौण खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जहां गैरकानूनी ढंग से जेसीबी मशीन से मुरुम का अवैध खनन किया जा रहा है। गाँव में तालाब के पास बेतरतीब रूप से मुरुम खनन का कार्य किया जा रहा है। मुरुम खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जेसीबी सहित हाइवा लगातार दिनभर दिखाई पड़ते हैं। मुरुम गाड़ियां साजा मुख्यालय से दिन के उजाले में आना जाना कर रहे हैं। ब्लाक,जिला के किसी भी अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। शासन-प्रशासन के जिम्मेदार आला अफसर कुम्भकर्ण की नींद में सोए हैं।

सुवरतला विधायक ईश्वर साहू के गृहग्राम के समीप स्थित है। विगत दिनों विधायक ने जनपद पंचायत साजा समस्त विभागों के अधिकारियों की बैठक ली थी, जिसमें अवैध कार्यों पर कार्यवाही कर बंद कराने की बात कहीं है, जिस पर अमल होता नहीं दिख रहा है।

लीज व पास के नाम पर खेलः सुवरतला में चल रहें मुरुम खनन में 7 जनवरी को जब स्थल पर जाकर पता किया गया तो वहां पर उपस्थित व्यक्ति द्वारा तालाब के नाम पर लीज लिया गया है। मगर स्थल पर विभाग संबंधी कोई कागजात नहीं दिखाया गया। ना ही किसी हाईवा में रायल्टी पर्ची काटा गया था। 14 जनवरी को भी जब जाकर देखा गया तो भी खनन चालू था, कई हाईवा सुवरतला से नवागांव गहिरा सड़क निर्माण पर मुरुम डालते मिली। सड़क निर्माण में मुरुम डाल रहे हाईवा के चालकों से रायल्टी पर्ची पूछ गया तो नहीं होना बताया गया।

4 दिवसीय आयुष्मान महाअभियान में बने 22 हजार कार्ड

- बेमेतरा एसडीएम के सराहनीय प्रयास का असर
- डोर टू डोर जाकर कार्ड बनाया गया आयुष्मान कार्ड

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक निःशुल्क उपचार सुविधा दिलाने हेतु जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनाये जाने के प्रथम चरण में विकासखंड बेमेतरा में सुश्री सुरुचि सिंग (आईएएस) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा के नेतृत्व में 9 से 12 जनवरी तक आयुष्मान महाअभियान चलाया गया। जिसमें विकासखंड बेमेतरा में इन 4 दिवस में 22 हजार आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस प्रकार विकासखंड में 88त्न लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

सुश्री सुरुचि सिंग के द्वारा जानकारी दिया गया कि कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देशानुसार इस महाअभियान में शिक्षा विभाग के शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा स्कूलों में स्कूली बच्चों का व पंचायत विभाग के सचिव, रोजगार सहायक व बैंक सखी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयों, मितानिनो, नगर निगम के कर्मचारियों व महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रुप से टीम बनाकर ग्रामों व नगरीय निकायों में डोर टू डोर जाकर कार्ड बनाया गया व इस महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बने इस हेतु लगातार अधिकारियों/कर्मचारियों की मिटिंग व ट्रेनिंग कराया गया।

बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एक ओर जहां श्री रामजी जन्मभूमि की तैयारियां जोरो पर है, वहीं विहिप-बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनाने एवं युवा पीढ़ी में सेवा सुरक्षा का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी गांव-गांव तक पहुंच समिति निर्माण कर रहे है। इसमें तुमड़ीबोड़ के ग्राम आरगांव में विहिप-बजरंग दल ने अपनी ग्राम समिति घोषित की।

विहिप खंड अध्यक्ष के रूप में साहस राम साहू, उपाध्यक्ष परदेश निषाद, मंत्री गोपी साहू, सह मंत्री भरत राम साहू चुने गए। बजरंग दल खंड संयोजक के रूप में कमल साहू, सहसंयोजक गोपाल निषाद एवं डोंगेश साहू, गौ सेवा प्रमुख मेघनाथ साहू, सह प्रमुख अंकुश साहू, बालोपासना प्रमुख झितेंद्र गंधर्व, विद्यार्थी प्रमुख फलेस साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख खुमान दास चुने गए।

नागाडबरा हादसे में पीड़ित परिजनों से मिलीं विधायक भावना

- शोक प्रकट कर हर संभव मदद का दिया भरोसा

सांसद ने नागाडबरा में हुई घटना पर जताया दुख

ग्राम नागाडबरा में एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की हुई दर्दनाक मृत्यु को लेकर सांसद संतोष पांडेय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सांसद पांडेय ने बताया कि उक्त दुःखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मन व्यथित हो गया।

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात ग्राम नागाडबरा बस्ती में झोपड़ी में आग लगने से दंपति सहित उनके 8 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। पंडरिया विधायक भावना बोहरा सोमवार को गांव पहुंचकर मारे गए लोगों के परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया। मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा की। मुलाकात के दौरान भावना बोहरा की आंखें भी नम दिखाई दीं। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों से हादसे की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि यह अत्यंत दुखद घटना। हादसे में अपने परिवार के तीन व्यक्तियों को खोना हृदय विदारक घटना है। प्रशासन व पुलिस विभाग को भी हादसे की पूर्ण विवेचना कर उसकी जानकारी व कारण की पूरी जांच रिपोर्ट भी बनाते हुए उसके समाधान हेतु प्रयास करने के लिए भी निर्देश दिए है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे हादसों को रोकने के लिए कार्ययोजना बना रहें है ताकि आपातकालीन समय में त्वरित सुविधा उपलब्ध हो सके और समय पर उपचार भी मिल सके। संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए है।

ठेठवार यादव समाज की हुई बैठक

नवागढ़/नवप्रदेश। रविवार को नवागढ़ में जिला युवा प्रकोष्ठ ठेठवार यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व आरती गायन के साथ बैठक की शुरुआत हुई।

जिला में ठेठवार बसाहट(निवासरत) वाले गाँव को संगठन में प्रमुखता से जोड़ना व भिन्न-भिन्न क्षेत्रों जैसे राज व पार व्यवस्था के प्रमुखों से संपर्क कर जिला मुख्यालय में बैठक आयोजित करना, जिला में चल रहे ठेठवार समाज द्वारा मंजिल फाउंडेशन के लिए आगामी बैठक में रूप रेखा बनाकर जिम्मेदारी तय करने की बात कही गयी।

वार्षिक कार्यक्रम के रूप में यादव महोत्सव 2024 अहीर नृत्य महोत्सव का आयोजन ठेठवार यादव समाज व युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यक्रम को इस बार नवागढ़ में आयोजन करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल होंगे। बैठक में प्रदेश व जिला संरक्षक रामसिंह यादव,प्रदेश सलाहकार जिला संरक्षक जितेन्द्र यदु, राधेश्याम यदु, भागीरथी यदु,जगदीश यदु,सरोज यदु,संतोष यदु , जिलाध्यक्ष डा बी पी यदु,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव डा रविनारायण यदु,जिला उपाध्यक्ष प्रीतम यदु,संजय यदु किरता तारकेश्वर यदु,हेमंत यदु,नवागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारी संरक्षक रूपप्रकाश यादव,रामकृष्ण यदु,,सीताराम यदु, रजवाराम यदु, रामकृष्ण यदु,ब्लॉक अध्यक्ष अवतार यदु उपाध्यक्ष राजेश यदु,रोहित कुमार यदु,संगठन मंत्री तोपचन्द यदु,त्रिलोक यदु,बिसेसर यदु,सनत यादव, केशो यदु, मोहन यदु,बसंत यदु,कुंजराम यदु,अशोक, यदु, भोपराम यदु मेघराज यादव, होमराज यदु, रामअवतार यदु,कृष्णकुमार यदु,दाऊराम यदु, प्रमोद यादव,मुकेश यदु आदि उपस्थित थे। अंत में संरक्षक रूपप्रकाश यादव ने आभार व्यक्त किया।

विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेला आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पेंड्रीकोड़ी, मोहला में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह, कमल कपूर बंजारे एवं जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एव पुस्तक मेला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रारम्भिक तथा माध्यमिक स्तर के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया जाता है।

श्रीराम कथा 10 मार्च से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ रोड़ स्थित ग्राम पदुमतरा में 10 मार्च को श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इसी के साथ ही 11 से 17 मार्च तक उक्त आयोजन स्थल में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। उक्त श्रीराम कथा के कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडे होंगे।श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति, महिला मंडल भागवत समिति एवं समस्त ग्रामवासी पदुमतरा के तत्वावधान में आयोजित उक्त श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन भगवान श्री रामचन्द्र की प्रतिमा की स्थापना होगी तथा हवन-पूजन किया जाएगा।

जोगी कांग्रेस ने सीएम के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी जिलाध्यक्ष शमसुल आलम पहुंचे कलेक्ट्रेट प्रदर्शन कर खाद्य विभाग को दिखाया सच का आइना तथा मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने बताया कि दिसंबर में खाद्य अधिकारी को जोगी कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा था और पीडीएस दुकानों में लगभग 42 लाख रुपये का घोटाला करने वाले दोषियों पर एफआईआर की मांग की थी। खाद्य अधिकारी ने आश्वस्त किया था कि दोषियों पर एफआईआर करवाई जाएगी, पर 2 हफ्ते तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किए जाने पर जब खाद्य अधिकारी श्री मिश्रा से मिलने पहुंचे तथा कार्यवाही की बात पर वो मुकर गए और एफआईआर न करने की बात कह डाली, जिसके विरोध में जोगी कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर खाद्य विभाग को सच का आइना दिखाया है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर ज्ञापन लेने पहुंची, तब शमसुल आलम ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही का आश्वसन दिया था, तो शुरुआत राजनांदगांव जिले से ही होनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिलाल सोलीन खान, जिला महासचिव जफर खान, जिला महासचिव नमन पटेल, मजदूर संघ अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी, गुलशन मंडले, टिकेश्वर साहू, प्रेम आदि दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक : 03.02.2024

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक हैं तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 03.02.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम खाता संख्या व आईएफएससी कोड
मेसर्स हार्दिक एंटरप्राइजेस, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग. भागीदार- 1. श्री सुरेश निहिचलानी पिता- श्री इनदास निहिचलानी, निहिचलानी भवन वार्ड नंबर 10, बसंत राइस मिल के सामने, तिल्दा, रायपुर, छ.ग., 2. श्री विजय कुमार निहिचलानी पिता- श्री इनदास निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक ए, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग., जमानतदार- 1. श्रीमती कंचन निहिचलानी पति- श्री सुरेश निहिचलानी, फ्लैट नं. 101, ब्लॉक-बी, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, 2. श्रीमती संध्या निहिचलानी पति- श्री विजय कुमार निहिचलानी, फ्लैट नं. 103, ब्लॉक-ए, एम्ब्रेसिया अपार्टमेंट, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर, छ.ग.	खसरा नं. 550/3 (भाग), प.ह.नं. 108/36, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, आरआईसी-1, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग., क्षेत्रफल की सीमा 1650 वर्गफीट में स्थित प्लॉट नं. 93। संपत्ति की चौहद्दीः पूर्व- प्लॉट नं. 80, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 92, दक्षिण- प्लॉट नं. 94.	21.08.2023 / 23.10.2023 / ₹ 1,56,64,110.47 12.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,83,000/- / ₹ 1,68,300/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (Mo. 9326911967) GE Road, Raipur Branch A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0002555 Email: cb2555@canarabank.com
1. श्रीमती रंजनी मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3, भिलाई, 2. श्री रोमन दास मानिकपुरी, मानिकपुरी निवास वार्ड 15, शांति नगर, भिलाई-3.	फ्लैट नं. 460 (टेन्ट हाउस), छठवीं मंजिल, ब्लॉक- सी1, प.ह.नं. 15/21, पौहल टाउन, जुनवानी, भिलाई। क्षेत्रफल- 969.26 वर्गफीट। चौहद्दीः उत्तर- खुला छत, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- फ्लैट नं. 452, पश्चिम- फ्लैट नं. 476.	07.08.2021 / 02.11.2021 / ₹ 31,56,643.00 02.11.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 26,50,000/- / ₹ 2,65,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Sandeep Deshmukh (Mo. 9425503197) Smriti Nagar Bhilai A/c No. 209272434 IFSC CODE: CNRB0001973 Email: cb1973@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तेंः (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.indianbankseauction.com के माध्यम से ऑन लाईन ई-नीलामी की जायेगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 02.02.2024, सुबह 10.30 से सायं 4.30 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 02.02.2024 को सायं 5.00 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: eauction@ccsl.co.in अथवा www.canarabank.com. पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 17.01.2024 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 16.01.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

न्यूज गैलरी

मंदिरों व धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस शुभ अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान का आगाज किया है। धार्मिक व पवित्र स्थलों को साफ और कचरा मुक्त रखने, मंदिरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत देशभर में 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान के द्वारा मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर सफाई किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन और नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले में भी प्रमुख धार्मिक स्थलों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आमजन सहभागिता निभाकर उत्साह के साथ मन्दिर-देवालयों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। बीते मंगलवार को नगर निगम अम्बिकापुर के महामाया मन्दिर, ब्रम्ह वार्ड के राम मंदिर, गांधीनगर के हनुमान मंदिर एवं साईं मन्दिर सहित अन्य स्थलों की सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में जनप्रतिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, जनसामान्य सभी हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीम के द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

23 जनवरी से ग्राम सभा का होगा आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6(1) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरगुजा सरगुजा जिले के प्रत्येक ग्रामों में 23 जनवरी 2024 से ग्राम सभा आयोजित किए जाने के आदेश जारी किए है। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व पंच सरपंच एवं सचिव का होगा।ग्राम सभा की बैठक में एजेण्डावार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

डभरा में स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ विस्तार

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के कुशल मार्गदर्शन में अब डभरा विकासखंड मुख्यालय में गर्भवती माताओं तथा सामान्य मरीजों हेतु स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार किया गया है। डभरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से पुरानी सीएचसी भवन में संचालित हो रहा था अब नवीन जिला गठन उपरांत कलेक्टर के निर्देशन में इस चिकित्सकीय संस्था में नवीन 20 बिस्तर वार्ड तथा नवीन 10 बिस्तर वार्ड निर्माण किया जा चुका है। उक्त वार्डों को मरीजों के आवश्यकता अनुरूप रूपांतरण कर सर्व सुविधा युक्त बनाया गया है जिससे डभरा विकासखंड के आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके डभरा विकासखंड में चंद्रपुर प्राथमिक स्वास्थ्य के केंद्र में मेडिकल आफिसर की पदस्थापना की जा चुकी है साथ ही ब्लॉक के मेडिकल आफिसर डॉ. एन.पी. मिश्रा के सेवानिर्वित्त होने के उपरांत डॉ माधुरी चंद्रा को नवीन बीएमओ का कार्य भाल सौंपा जा चुका है।ग्राम कांसा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस तरह कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरज सिंह राठौर द्वारा डभरा विकासखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर प्रयास जारी है जिससे क्षेत्र के आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।

विकसित राष्ट्र बनाने लोगों ने ली शपथ

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची के मुख्य आतिथ्य में आज नगर पालिका परिषद गौरेला और पेंड्रा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। कार्यालय प्रांगण नगर पालिका परिषद गौरेला और अटल सभागार जनपद स्कूल परिसर आजाद चौक पेंड्रा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रचार वैन के पहुंचने पर लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश देखा और सुना। आयोजन के दौरान स्कूली बच्चों ने तिरंगा फहराते हुए देश भक्ति गीत की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया तथा बालिकाओं ने सुवा नृत्य एवं ददरिया गीत पर मनमोहक प्रस्तुती दी। विधायक श्री मरपच्ची ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेजी और छत्तीसगढ़ महतारी के छायात्रित की पूजा अर्चना की और पुष्प माला चढ़ाकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियो को चेक एवं सामाग्री विततिर किए।

धान खरीदी, रेडी टू ईट और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और सुरक्षा पर कलेक्टर के विशेष निर्देश

अधिकारी सजग रहें और सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जनमन योजना से संबंधित सभी विभागों को विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के बेहतर विकास हेतु शासन की मंशानुरूप काम करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां टेंडर आदि की प्रक्रिया पूर्ण करें जिससे समय पर निर्माण कार्य शुरू हो सकें। उन्होंने धान खरीदी में शेष दिनों में अवैध धान की आवक, मिलिंग, धान का उठाव, नोडल अधिकारियों द्वारा समिति में भौतिक सत्यापन सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों की धान बेचने में किसी तरह की परेशानी ना हो।

रेडी टू ईट और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता से समझौता ना हो

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि रेडी टू ईट की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए अधिकारी समय समय पर स्वयं जाकर गुणवत्ता जांचें। इसी तरह मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए औचक निरीक्षण करने और स्वयं बच्चों के साथ भोजन चखकर गुणवत्ता परखने निर्देशित किया। उन्होंने सीएमएचओ से जिले में दवाइयों और मेडिकल किट की उपलब्धता, कोरोना जांच, सहित विशेष टीकाकरण अभियान को जानकारी ली। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा लिए विशेष निर्देशित करते हुए उन्होंने निरंतर मेडिकल जांच, हाइजीन की जानकारी देने के संबंध में निर्देश दिए।

सुरक्षा पर कलेक्टर के विशेष निर्देश

कलेक्टर ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए विशेष निर्देश देते हुए कहा कि कन्या छात्रावासों, आश्रमों और कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में केवल महिला अधीक्षिका और महिला गार्ड रहेंगी। इसके अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान भी महिला अधिकारी या कर्मचारी के साथ ही निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने गुड टच और बैड टच जैसी जानकारी भी बच्चियों को जरूर देने कहा। उन्होंने बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

परिवहन एवं भंडारण पर रखें नजर

कलेक्टर ने कहा कि लगातार अवैध नशीले पदार्थों के परिवहन एवं भंडारण पर नजर बनाए रखें और प्रकरण मिलने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने माइनिंग अधिकारी को भी अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल और एएल ध्रुव, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

खनिज की चोरी रोकने लगाई अफसरों की ड्यूटी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले में तहसीलवार चिन्हांकित क्षेत्रों में खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अम्बिकापुर तहसील के ग्राम पंचायत क्षेत्र सुखरी, परसोड़ी , कांतीप्रकाशपुर (लुचकी), रजपुरीखुर्द, रनपुरखुर्द, असोला, परसा, भकुरा, सोनपुरकला, डिगमा, भिट्ठीकला , सकालो के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है। दरिमा तहसील के ग्राम पंचायत खाला, कंठी, करजी, आमादरहा के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है। लुण्ड्रा तहसील के ग्राम केपी, अजीरमा, चंगोरी, कर्रा, अमड़ी, कुदर, बटवाही के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है। बतौली तहसील के ग्राम पंचायत बतौली, सुआरपारा के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है। सीतापुर तहसील के लिए ग्राम पंचायत प्रतापगढ़, राधापुर, भवराडांड, केसला, रजौटी, रायकेरा, ढ़ेलसरा, मंगरैलगढ़, बिसुनपुर, हर्रामार, डागबुड़ा गुतुरमा के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है। मैनपाट तहसील के ग्राम पंचायत पथरई, बरिमा, लुरैना, कुदारीडीह, नर्मदापुर के लिए क्षेत्र के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी, रेंजर एवं डिप्टी रेंजर, खनि निरिक्षक की ड्यूटि लगाई गई है।

पिछली सरकार के सामानों की गुपचुप सप्लाई

महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में डंप कर रहे साड़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। सत्ता परिवर्तन के बाद भी जिले में लगातार विभिन्न विभागों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा खरीदी की गई सामानों की सप्लाई की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस संबंध में संबंधित उच्चाधिकारियों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नही है। गोपनीय ढ़ंग से किये जा रहे वितरण को लेकर अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी पुराने ढ़र्रे पर पूर्ववर्ती सरकार द्वारा खरीदी की गई सामानों की गोपनीय ढ़ंग से वितरण कराया जा रहा है। पूर्व के आदेशों के आधार पर ही अभी भी ठेकेदारों द्वारा संबंधित विभागों को सामनों की सप्लाई की जा रही है। शिक्षा विभाग में प्राथमिक शालाओं के लिए झूले का वितरण संबंधित ठेकेदार के द्वारा सीधे बीआरसी कार्यालय एवं स्कूलों में प्रधान पाठक को सौप रहे है। इसी तरह से महिला एवं बाल विकास में महिलाओं के कार्यकर्ताओं के लिए साड़ियों का जिला कार्यालय में डंप कराया जा रहा है। सत्ता परिवर्तन के बाद भी अधिकारी पूर्व के आदेशों के आधार पर इस तरह के सामान की सप्लाई जिले में की जा रही है और इस संबंध में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को भी इस बात की जानकारी न होना भी समझ से परे है। महिला एवं बाल विकास विभाग में पूर्व में खरीदी की गई साड़ी एवं अन्य सामानों का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में किये जाने के लिये जिला कार्यालय में रायपुर मुख्यालय से सामान पहुंच रहे है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूर्व में की गई खरीदी रिक्शा एवं स्वच्छता से जुड़ी सामाग्री आदि का वितरण किया जा रहा है। एक ओर जहां पूर्व में सत्ता परिवर्तन होने पर भाजपा शासनकाल में मोबाईल एवं टिफिन वितरण को आधे-अधूरे में रोक दिया गया था। मनरेगा मजदूरों को टिफिन वितरण न कर जिले के कार्यालय में रखा दिया गया था, जो आज तक वितरण नही हो पाया। वही दूसरी ओर पूर्ववर्ती सरकार के आदेशों पर खरीदे गये सामान की सप्लायर संबंधित विभाग में लगातार सप्लाई किया जा रहा है। इस संबंध में भाजपा नेताओं द्वारा अधिकारियों से जानकारी ली जा रही है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही वे संबंधित विभाग के मंत्रियों से सप्लाई किये जा रहे सामानों के संबंध में चर्चा करेंगे।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में भारी उत्साह

सक्ती/नवप्रदेश। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर का उद्घाटन समारोह को लेकर नगर में युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है 22 जनवरी को जिस हिसाब से तैयारियां चल रही है कई सामाजिक संस्थान गौ सेवा समिति, चन्द्रपुर पदयात्रा समिति, महाकाल सेवा समिति तुर्री के सदस्यों दीपक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, श्याम चुडी, मयंक ठाकुर, अनुराग चैबे, अनमोल गर्ग, सोनू महाकाल, प्रथम गर्ग, निखिल शर्मा, सौपनिल चौबे, हिमांशु सिंघल, ईशांत राठौर, पुनित शर्मा के अलावा नगर के कई युवा 22 जनवरी को अयोध्या में विराजमान हो रहे श्रीराम प्रभु की नगर में दिनभर कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए है सुबह गौ सेवा समिति द्वारा नगर में गौ माताओं को हरी सब्जियां एवं चारा खिलाया जायेगा, सरयु नदी का जल समस्त तालाब में डाला जायेगा, 1001 आकाश दीये नगर के विभिन्न मार्गो में श्रीराम भक्तगण द्वारा छोड़ा जायेगा, महामाया तालाब में 500 दीप प्रज्जवलन किये जायेगें, तत्पश्चात अग्रसेन चौक को भी 22 जनवरी के लिये सजाया है। 7 बजे श्रीराम जी की आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा, भजन एवं भंडारे के साथ नगर के युवाओं द्वारा नगर के प्रत्येक वार्डो में घर घर जाकर दीये और तेल बाती देकर हर घर के आगे रात्रि में दीये दीपावली जैसे दीये जलाकर फटाके भी फोडे जायेगें। 22 जनवरी को लेकर जिस प्रकार नगर में युवाओं का उत्साह देखने को मिल रहा है ऐसा प्रतीत होता है कार्यक्रम के अलावा दूसरी दीपावली मनाने जैसा माहौल लगेगा। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को भी नगर एवं ग्रामीण लोग साफ सफाई अभी से करने लगे है तथा 22 जनवरी को पूजा अर्चना कर रात्रि में दीप जलाये जायेगें तथा प्रसाद वितरण भी किए जायेगें।

54 क्विंटल धान जब्त

मुंगेली। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने वाले कोचियों, बिचैलियों और धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु तीनों अनुविभाग अंतर्गत संयुक्त दल का भी गठन किया गया है। इसी कड़ी में तहसील लोरमी अंतर्गत ग्राम खेकतरा में अवधेश सिंह ठाकुर पिता धीरेंद्र द्वारा 24 क्विंटल धान का अवैध परिवहन किए जाने और फुटकर व्यापारी संजीव पिता लखकू रात्रे के यहां निर्धारित मात्रा से अधिक धान होने पर कुल 54 क्विंटल अवैध धान की जब्ती कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस दौरान तहसीलदार लोरमी, मंडी उपनिरीक्षक देवराज जगत और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर अध्यक्षता में मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में 84 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में मिले आवेदनों में पट्टा बनवाने, विभिन्न भुगतान, सीमांकन, बंटवारा एवं भूमि संबंधित मामलों के आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री भोस्कर ने आगामी 15 दिनों की समय सीमा में आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए निराकरण करने और आवेदकों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को संबंधित आवेदन पर कार्यवाही की जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि सभाकक्ष के बाहर ही आवेदन लिखे जाने की व्यवस्था करें जिससे जरूरतमंद आवेदकों को आवेदन लिखे जाने की निःशुल्क सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि आवेदन हस्तलिखित भी प्रस्तुत किया जा सकते हैं। उन्होंने सभी आवेदकों की बातों को गंभीरता से सुना और निराकरण किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन, बंटवारा और नामांकन आदि के प्रकरण नियमित निराकृत किए जाएं, इन्हें लंबित ना रखें।

योजना गांव से शहर-आने जाने की सुविधा लोगों को मिलेगी

54 पीवीटीजी बसाहटें, सुगम सड़कों से जुड़ेंगी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहुंचविहीन पीवीटीजी बसाहटों को पक्की संपर्क सड़कों के जरिए मुख्य रास्तों से जोड़ा जाना है। इन संपर्क सड़कों से आवागमन सुलभ होने के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, दैनिक कामकाज के लिए गांव से शहर आने जाने की सुविधा लोगों को मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ पीवीटीजी समुदायों को प्रदान किया जा रहा है। योजना के माध्यम से पक्की संपर्क सड़कों का निर्माण कर विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों वाले बसाहटों के 100 या अधिक की आबादी वाली प्रत्येक बसाहट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। योजना के माध्यम से प्रथम चरण में जिला सरगुजा में 189.43 किमी कुल लंबाई की 51 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बनने वाली सड़कों की कुल प्रस्तावित राशि 148 करोड़ 20 लाख रुपए है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के द्वारा

ये सड़कें जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की 54 बसाहटों से जुड़ेंगी। जिसमें विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर की कुल 06 बसाहटें, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा की 18 बसाहटें, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर की 27 बसाहटें शामिल हैं। इसमें मुख्य रूप से उदयपुर विकासखंड में बकोई से भेलवाडांड 10.15 किमी, टी 01 भकुरमा रोड से बुले केदमा 9.82 किमी, अंबिकापुर में राम नगर से लुकुम घुटरा 4.92 किमी, मोहनपुर से कोरवा पारा 2.81 किमी, पंपापुर से हर्राघाट 3.42 किमी, लुण्ड्रा विकासखंड में डकई से डकई बेवरा 4.33 किमी, जरकेला से चेउरपानी 4.02 किमी, चित्तपुर से चेउरपानी 3.60 किमी, अजिरमाकला से मांझा बेवरा 3.50 किमी सड़क निर्माण किया जाना है। इसी तरह सीतापुर विकासखंड में रजपुरी से बिजली चट्टान 5.90 किमी, बंशीपुर से अमगोड़हा 3.83 किमी, बतौली में टीरंग से इमलीटीकरा 7.00 किमी, घोघरा से परसाढाब 6.80 किमी, बांसाझाल से कदमहुआ 6.60 किमी, नकना से पहाड़पारा 6.30 किमी, बांसाझाल से आमपानी 5.50 किमी, तिरंग से खूंटापानी 5.30 किमी और सरमना से कोईलारढोंढी 4.00 किमी, विकासखंड लखनपुर में बेलदगी से मुड़ापारा 1.22 किमी तथा विखं मैनपाट में कतकालो से लोटापानी 8.13 किमी, सुपलगा से हसियाखार 4.23 किमी, कदनई से सेमिडीह 4.20 किमी, पेंट से डाहुझरिया 3.00 किमी, कोट से गटीकोना 4.00 किमी सहित पूरे

संयुक्त संचालक ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन करने हेतु मंगलवार को संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेन्द्र पामभोई पहुंचे, इनके साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (ग्रामीण) आनंद साहू, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (शहरी) प्रदीप टण्डन उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों, उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य मानकों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरिक्षण पश्चात उन्होंने संतुष्टी जताई और आयुष्मान भारत योजना, किमोथेरेपी, फिजियोथेरेपी,

ओपीडी, आईपीडी में राज्य में अग्रणी स्थान में रहने पर सभी अधिकारी-कर्मचारीयों को बधाई दी। बता दें कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन अब शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा के रूप में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यहां डेन्टल ओपीडी और पूर्णकालिक विशेषज्ञ चिकित्सको कि भर्ती होगी और मानव संसाधनो एवं उपकरण आदि उपलब्ध कराया जायेगा। निरिक्षण के दौरान संस्था प्रभारी डॉ. आयुष जायसवाल, प्रभारी जिला एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र राम, चिकित्सा अधिकारी डॉ.हिमांशु गुप्ता, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ नीरू पटेल, शहरी प्रवेक्षक धनेश प्रताप सिंह एवं अस्पताल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

अखिल गोयनका बने सीए

पेंड्रा/नवप्रदेश। नगर के युवा अखिल गोयनका चार्टड एकाउंटेंट बना। वे नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सुभाष गोयनका के पुत्र हैं। उनके सीए बनने पर पेंड्रा के लोगों ने शुभकामनाएं दी। इसे नगर और समाज के लिए गौरव बताया।

चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी बालको अविनाश कंवर के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी रजगामार लक्ष्मण प्रसाद खुटें, हमराह स्टाप प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नतृत्व में चोरी किये गये 1 नग मोटरसाइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी.जी.12 ए.के. 1388 को जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 15.01.2024 को सूचना प्राप्त हुई कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू पिता रम्भहन साहू उम्र 37 वर्ष चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया है। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये जगह डूमरढीह जंगल से 1 नग मोटर साइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी0जी012 ए0के0 1388 को बरामद कर 379 भादवी में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। चोरी की मोटर साइकिल में घूमना एक युवक को महंगा पड़ गया। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रजगामार लक्ष्मण प्रसाद खुटें अपनी टीम प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नेतृत्व में बाइक चोर को पकड़ा है। पुलिस को किसी ने सूचना दी थी कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये जगह डूमरढीह जंगल से 1 नग मोटर साइकिल ड्रिम नियों बरामद कर 379 भादवी मैं गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

लाखों के कबाड़ के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। लाखों का कबाड़ लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ आ रहे एक वाहन चालक और परिचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कबाड़ के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके चलते उन्हें पकड़ कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक टाटा 1109 वाहन को पकड़ा। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर चालक ने अपना प्यारी लाल साहू पिता दुर्योधन साहू, उम्र 37 वर्ष, धुमाभाटा, थाना जगदलपुर (उड़ीसा) व ड्रायवर सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम जोगेश्वर मांझी पिता धरणीधर मांझी, उम्र 19 वर्ष, सराईकेला, शाना जगदलपुर जिला बरगढ़ (उड़ीसा) का निवासी होना बताये। वही वाहन में क्या है पूछने पर वाहन के पीछे डाला में लोहे का एंगल, छड़, राड़, पाईप, लोहे का प्लेट, वाहनों के पार्टस बोरिंग का लोहा एवं विभिन्न प्रकार के लोहा टीना का कवाडी सामान होना बताया। जांच पड़ताल में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। संपूर्ण कार्यवाही थाना बसना पुलिस स्टाफ द्वारा किया गया है।

माओवादियों ने की युवक की हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। रविवार की आधी रात ग्राम पुसनार धुर्वापारा निवासी 19 वर्षीय युवक रिशू पूनेम की माओवादियों के द्वारा धारदार हथियार से की गई हत्या। हत्या करने के बाद माओवादियों ने मृतक का शव पुसनार रोड पर मिला।

परिजनों द्वारा थाना गंगालूर में घटना की सूचना दी गई। मामले की तस्दीक उपरान्त शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौपा गया। विदित हो कि 12 जनवरी 24 को पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में गंगालूर एरिया कमेटी के जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम के मारे जाने के बाद बौखलाहट में माओवादियों के द्वारा निर्दोष ग्रामीण की हत्या की गई है। प्रकरण में थाना गंगालूर में पृथक से प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

विकास में नहीं रहेगी कोई कमी : रोहित

- विधायक रोहित साहू ने निकाली आभार रैली

गरियाबंद/नवप्रदेश। सोमवार को विधायक रोहित साहू ने आभार रैली निकाली। अपने जीत पर उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। विधायक बनने के बाद पहली बार गरियाबंद पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू का नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोशीला स्वागत किया। विधायक साहू ने काली मंदिर से गांधी मैदान तक रैली निकाली। खुले जीप पर सवार विधायक ने लोगों का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। विधायक रोहित साहू ने भाजपा की सरकार बनाने और राजिम में कमल खिलाने के लिए आभार माना। उन्होंने कहा कि आप सब के कारण ही आज छत्तीसगढ़ में खुशहाली आई हैं। छत्तीसगढ़ में विकास के लिए जनता ने वोट किया। मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया। सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को पूरा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में पीएम की सभी गारंटी को पूरा करेगी। राजिम विधासनभा और गरियाबंद के विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, बलदेव सिंह हुंदल, भीखू भाई मयाणी, नंदा स्वामी, अनूप भोषले, घनश्याम सिन्हा, दीनदयाल सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सभापति आसिफ मेमन, रिखीराम यादव, विष्णु मरकाम, गुलेश्वरी ठाकुर, वंश गोपाल सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रह्लाद सिंह ठाकुर, महामंत्री धनंजय नेताम, सुमित पारख, ताकेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, विजय टांक, सलीम मेमन, विनोद नेताम, परमेश्वर सेन, संजू साहू, नूतन देवांगन, पप्पू ठाकुर, प्रतिभा हुमने, सरला कोसरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दीए बनाने में जुटे कुम्हार परिवार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारत में 22 जनवरी का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंतजार क्यों न हो अयोध्या में श्री राम लला के लिए नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। भारत के हिंदू अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हर घर में दीपों से जगमगाएगा। दीवाली की तरह बाजार में रौनकता है। कुम्हार लोग दीया मटकी बनाने में जुटे हैं। गांव शहर के बाजारों में मांग के अनुरूप दीया बना रहे हैं। वहीं डोंगरगांव नगर में भी दीयों की भारी मांग है। अनेक चौराहों व मंदिरों में दीप जलाएंगे। इसके लिए देवेंद्र कुंभकार को आर्डर मिला है। पचास हजार दीपक बना रहे हैं। इसके लिए स्व उमराव कुंभकार की पत्नी सोनिया कुंभकार सहित उनके परिवार के सोनऊ कुंभकार, लीला कुंभकार, गजेंद्र कुंभकार, योगिता कुंभकार का पूरा परिवार सुबह-शाम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। देवेंद्र कुम्भकार दीया मिट्टी के अन्य सामग्री बनाते हैं:कुम्हार के हाथों में जादू है वो मिट्टी को चाक पर रखकर सृजन करते हैं। देवेन्द्र कुम्भकार का परिवार परिचय का मोहताज नहीं है। देवेंद्र के पिता सोनऊ कुम्भकार माटी कला बोर्ड के सदस्य हैं। उनकी बनाई सामग्री प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के व्यापारी ले जाते है और बाजारों में बेचते हैं। अनेकों सामान, खिलौने, कछुआ घंटी कंडील, मटकी, बैल गाड़ी थर्मस कुल्हड़ आर्टिस्ट नारियल झूमर लोटा शिवलिंग हाथी घोड़ा गुलदस्ता इत्यादि बनाते हैं। उनके बनाए सामग्री से लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं।

रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा शुरु

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम छिर्रा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि मनहरण खटकर ने फीता काटकर किया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 12001 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपये है।श्री खटकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि जीवन मे हार जीत जरूरी नही है खेलना जरूरी है।विदित हो कि पहली बार ग्राम छिर्रा में पहली बार रात्रकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है जिससे लोगों में काफी उत्साह है।कार्यक्रम में कप्तान पिंटू भटपहरे उप कप्तान राजेन्द्र वर्मा सदस्य परमेश्वर साहू, मनमोहन कर्ष, प्रेमांशु साहू,मनीष साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

दुपहिया होने से पीएम आवास योजना से दर्जन भर हुए वंचित

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम मनकी के दर्जन भर ग्रामीणों को इस योजना से बाइक होने के कारण वंचित कर दिया गया। मंगलवार 16 जनवरी को ग्राम मनकी के दर्जन भर ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और पंचायत के पंचों पर फर्जी तरीके से सर्वे सूची से नाम काटने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत के सरपँच, सचिव और पंच द्वारा हमारे घर में दोपहिया वाहन होने के कारण इस योजना का लाभ पाने से उन्हें वंचित कर दिया है।

कलेक्टर को आवेदन देने पहुँचे मनकी के ग्रामीण माणिक साहू ,सुमति बाई , कामिन बाई ठाकुर,सोहनलाल , सोनकुंवर, नानुराम व स्वरूपा बाई ने बताया कि गांव में और भी कई ऐसे लोग हैं जिनके पक्के मकान है, घर में दोपहिया वाहन है, एक घर में एक व्यक्ति के दो पुत्र हैं और उन तीनों का नाम इस योजना के पात्र सूची में है और उन्हें लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच, सचिव सहित वहां के पंचगण द्वारा कहा जाता है कि आपके घर दोपहिया वाहन है इसलिए पात्र हितग्राहियों की सूची से नाम काटा गया है। अगर ऐसा नियम है तो गांव के सभी लोगों का नाम काटा जाना चाहिए।

ग्रामीण कवलसिंग, महाबती, अशोक कुमार, हीरालाल, टीकम कटेन्द्र ने बताया कि वर्ष 2011 और 2018 की सूची में हम सभी आवेदकों का नाम आया था लेकिन ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा बिना सूचना दिए हम सभी के नाम को ग्राम पंचायत की बैठक में अपात्र घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों ने आवेदन पत्र में कहा कि पंचायत द्वारा कूटरचित तरीके से हमारा नाम काटा है। कलेक्टर को आवेदन सौंपकर फिर से नाम जोड़ने की मांग किए हैं।

अक्षत कलश के साथ घर-घर दे रहे हैं निमंत्रण



गंडई/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।

इसकी तैयारी गंडई नगर के विभिन्न वार्डों में जोर-जोर से चल रही है। सोमवार 15 जनवरी को वार्ड 05 के पार्षद प्रतिनिधि टूम्मन साहू एवं तरुण मित्र भजन मंडली के पदाधिकारी तातु यादव, नंदकिशोर साहू, रूपेश साहू, ज्ञानू सोनी, विष्णु सोनी, नेम दास खुसरो, नारायण सोनी, दादू नामदेव, जुगल किशोर नामदेव, एवं वार्ड वासियों के द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल और आमंत्रण कार्ड देकर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे हैं। इस दौरान उक्त दिन वार्डवासियों को अपने मोहल्ले एवं घरों को सजाना है। अपने क्षेत्र एवं वार्ड के मंदिर में सामूहिक रूप से भजन कीर्तन और आरती करते हुए दिवाली महोत्सव मनाने की अपील की है।

डिप्टी सीएम से मिले साहू संघ के पदाधिकारी

भटगांव/नवप्रदेश। जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पदाधिकारियों के द्वारा आरंग के रीवां में साहू समाज के द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान बिलाईगढ़ नगर में कुछ दिनों बाद आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राजिम माता

जयंती एवं सम्मान समारोह के साथ ही साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने न्यौता दिया। इससे पहले जिला साहू संघ ने रायपुर में विधायक मोतीलाल साहू और साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू से भी मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। बिलाईगढ़ क्षेत्र में जल्द ही साहू समाज के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। जल्द ही डिप्टी सीएम अरुण साव का समय मिलेगा जिसके बाद कार्यक्रम की तिथि भी का भी निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से विस्तार से चर्चा की गई। जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष तोषराम साहू ने कहा की लगातार जिले के समाज हित में कार्य किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में और कई कार्यक्रम भी किया जायेगा जिसमें जिला सतरीय सम्मान समारोह और युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ ग्राम पंचायत पवनी में माता कर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी शामिल है । इस मौके पर सेतुराम साहू महासचिव जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भटगांव, शनी राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, दशरथ साहू महासचिव तहसील साहू संघ बिलाईगढ आदि उपस्थित थे। संतोष साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, करन साहू जिला मीडिया प्रभारी साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, कृष्णा साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ नगरदा, हेतराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ पवनी, लोकनाथ साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ पवनी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली धान खरीदी के संबंध में बैठक

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिले के धान खरीदी के संबंध में बैठक ली। बैठक में एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र के अधिकारियों से लक्ष्य के अनुरूप अब तक किए गए धान खरीदी भंडारण, उठाव, परिवहन, आवश्यक बरदाना आदि के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी किसान यदि एक ही रकबे का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम में किया है तो उस रकबे का धान, समिति में नहीं बेच सकता। बैठक में धान खरीदी केंद्र में धान आवक, खाद्य विभाग से जारी आदेश (डीओ) के विरुद्ध राइस मिलर द्वारा धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव, शेष धान की मात्रा, बफर क्षमता से अधिक धान वाले उपार्जनों केंद्र की संख्या, कुल पंजीकृत राइस मिलर, राइस मिल की मासिक मिलिंग क्षमता, उपार्जित धान, अवैध धान आवक पर निगरानी, सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन संबंधी प्रकरण, कुल प्रकरण, जप्त धान की मात्रा, कोचिया, बिचौलियों से कुल जप्त धान और वाहन, खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन , धान रकबा समर्पण अंतर्गत कुल पंजीकृत किसानों की संख्या, समर्पित रकबा, विगत खरीफ वर्ष 2022-23 की स्थिति में कुल पंजीकृत रकबा और समर्पित करने वाले किसानों की संख्या और समर्पित रकबा, बारदाना की उपलब्धता, आवश्यकता, नया, पुराना की स्थिति, कस्टम मिलिंग में चावल उपार्जन, खाद्य नागरिक आपूर्ति और भारतीय खाद्य निगम में उपार्जन लक्ष्य और जमा चावल की मात्रा आदि के संबंध में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश कलेक्टर श्री चौहान ने सभी अधिकारियों, समिति के प्रबंधक आदि को दिए। गौरतलब है कि जिले के पंजीकृत 86 हजार 173 किसानों में से 68 हजार 689 किसानों ने 65 समितियों के

धान खरीदी केंद्र में घुसा हाथी, मचा हड़कंप

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है, कहीं मकान तो कहीं फसल बर्बाद कर रहे हैं. वहीं कोरबा के वनांचल क्षेत्र कुदमुरा के चचिया में शाम ढलते ही अंधेरे में एक दंतैल हाथी आ धमका. हाथी जंगल से होते हुए सीधे धान खरीदी केंद्र जा पहुंचा. हाथी के आने के बाद धान खरीदी केंद्र में हड़कंप मच गया और वहां मौजूद लोग कमरे में जा कर छुप गए. इसकी सूचना ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई. हाथी धान खरीदी केंद्र में धूमता रहा फिर धान के बोरियों को खाने लगा. इस दौरान हाथी की चिंघाड़ सुनकर चौकीदार और उपस्थिति कर्मचारी डरे सहमे हुए थे. उसके बाद सभी ने जोर-जोर से हाथी को भगाने के लिए चिल्लाने लगे. जिसके बाद हाथी धान खरीदी केंद्र से निकलते हुए गांव से लगे जंगल की ओर निकल गया.

पिछले तीन सालों में बालोद में बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

- 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत शुभारंभ
- एसपी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

बालोद/नवप्रदेश। सोमवार को जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा किया गया । सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाना है। सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा यातायात माह का शुभारंभ किया गया है, साथ ही यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पुलिस बल बालोद के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट रैली निकालकर शहर भ्रमण किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि सभी व्यक्ति जागरूक बने, लापरवाही से वाहन न चलावे, बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने बालोद पुलिस द्वारा निरंतर सड़क नियमों का पालन करवाने के लिए माह भर जागरूकता अभियान चलाया जाना है, हमारा या शासन का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं होता बल्कि यह लापरवाह वाहन चालकों को सबक सिखाने, भविष्य में दोबारा गलती नहीं करने के लिए जागरूक करना होता है। पिछले तीन सालों के आंकड़े में देखा गया की बालोद जिले में दुर्घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है, सिर्फ और सिर्फ

लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हो रही है। इन दुर्घटनाओं में देखा गया कि चालक द्वारा शराब का सेवन कर ड्राइविंग किया जाता है शराब सेवन कर वाहन चलाने से निर्णय लेने की क्षमता भी कम हो जाती है व वाहनों की स्पीड भी काफी तेज गति से रहती है। बालोद जिले में कुछ माह पहले अलग-अलग वाहन दुर्घटनाओं में 11 व 6 लोगों की जान गई, वाकई में यह बहुत ही दर्दनाक है। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हुई। इसी प्रकार साइबर मढ़ई के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि आजकल मोबाइल में मैसेज, महतारी वंदन योजना, एआई टेक्नॉलाजी का यूज कर आवाज की नकल करना, अनजान लिंक, लोन दिलाने के नाम से ठगी, किसानों की योजनाओं के नाम से ऑनलाइन फ्रॉड हो रहा है, ऑनलाईन फ्राड कॉल लिंक से बचे यदि कोई ऐसा करता है तो उसकी तत्काल सूचना साइबर सेल बालोद में देवे। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान विविध कार्यक्रम जैसे स्कूली बच्चों का निबंध लेखन/चित्रकला/स्लोगन प्रतियोगिता, स्काउड गाईड के बच्चों के साथ गुलाब फुल भेंठ कार्यक्रम, वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच, स्कूली बसों/एंबुलेंस का चेकिंग शिविर, लर्निंग लायसेंस शिविर, गुड सेमेरिटन्स का सम्मान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नवनीत कौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रतीक चतुर्वेदी, यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, साइबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू, बालोद पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

मांस दुकान बंद करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बालोद/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर निर्देशानुसार देशी, विदेशी मदिरा की दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी 2024 को भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागर, बालोद को 22 जनवरी, 26 जनवरी एवं 30 जनवरी 2024 को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया जाता है। युवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर जिले के तमाम मांस और मछली दुकानों को 22 जनवरी को बंद कराने की मांग करने पहुंचे जिला युवा कांग्रेस ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण

प्रतिष्ठा के आयोजन के दिन जिले के समस्त मीट मांस की दुकानों को बंद कराना चाहिए इसलिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशान्त बाला बोकड़े , आदित्य दुबे महामंत्री, जिला युवा कांग्रेस शहरअध्यक्ष साजन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनीश पारकर उपस्थित थे।

मेसी बने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

लंदन। फीफा के द बेस्ट के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। वह इस प्रकार हैं

पुरुष- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी- लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना/पेरिस सेंट-जर्मेन-इंटर मियामी)

सर्वश्रेष्ठ कोच- पेप गार्डियोला(स्पेन/मैनचेस्टर सिटी)

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर- एडरसन(ब्राजील/मैनचेस्टर सिटी)

पुस्कस (सर्वोत्तम गोल) पुरस्कार- गुइलहर्मे माद्रुगा (ब्राजील/बोटाफोगो)

फीफा फेयर प्ले अवार्ड- ब्राजील की राष्ट्रीय टीम।

साल की बेस्ट टीम-थिबाउट कोर्टोइस (बेल्जियम/रियल मैड्रिड), काइल वॉकर (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), जॉन स्टोन्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), रूबेन डायस (पुर्तगाल/मैनचेस्टर सिटी), बर्नार्डो सिल्वा (पुर्तगाल/मैनचेस्टर सिटी), जूड बेलिंगहैम (इंग्लैंड/बोरुसिया

डॉर्टमुंड-रियल मैड्रिड), केविन डी ब्रुने (बेल्जियम/मैनचेस्टर सिटी), लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना/पीएसजी-इंटर मियामी), एर्लिंग हैलैंड (नॉर्वे/मैनचेस्टर सिटी), किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस/पेरिस सेंट-) जर्मेन), विनीसियस जूनियर (ब्राजील/रियल मैड्रिड)

महिला- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी- बोनमती (स्पेन/बार्सिलोना)

सर्वश्रेष्ठ कोच- सरीना विगमैन (नीदरलैंड/इंग्लैंड)

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर- मैरी अर्प्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड)

वर्ष की टीम- मैरी इयरप्स (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड); ओल्गा कार्मोना (स्पेन/रियल मैड्रिड), लुसी ब्रॉन्ज़ (इंग्लैंड/बार्सिलोना), एलेक्स ग्रीनवुड (इंग्लैंड/मैनचेस्टर सिटी), केइरा वॉल्श (इंग्लैंड/बार्सिलोना), एलेसिया रूसो (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड-आर्सेनल) लॉरेन जेम्स (इंग्लैंड/चेल्सी)), एला टून (इंग्लैंड/मैनचेस्टर यूनाइटेड) ऐटाना बोनमती (स्पेन/बार्सिलोना), एलेक्स मॉर्गन (संयुक्त राज्य अमेरिका/सैन डिएगो वेव), सैम केर (ऑस्ट्रेलिया/चेल्सी)

महिलाओं के पुरस्कारों के लिए यह अवधि 1 अगस्त, 2022 और 20 अगस्त, 2023 के बीच थी। पुरुषों के पुरस्कारों के लिए यह अवधि 19 दिसंबर 2022 और 20 अगस्त, 2023 के बीच थी।

दक्षिण कोरिया ने बहरीन को और जॉर्डन ने मलेशिया को हराया

दोहा। पेरिस सेंट-जर्मेन के ली कांग-इन के दो गोल की मदद से दो बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया ने सोमवार को यहां एएफसी एशिया कप में ग्रुप ई के पहले दौर में बहरीन को 3-1 से हराया।

दक्षिण कोरिया ने 38वें मिनट में ह्वांग इन-बीओम ने गतिरोध तोड़ा, लेकिन बहरीन ने 51वें मिनट में बराबरी के लिए वापसी की, जब अब्दुल्ला अल हशश ने करीब से गोल किया।

ली कांग-इन दूसरे हाफ में चमके क्योंकि 22 वर्षीय मिडफील्डर ने क्रमशः 56वें और 68वें मिनट में गोल किया। मैच के बाद ली ने कहा, यह सिर्फ मेरे दो गोलों के बारे में नहीं है। हमारे द्वारा किए गए सभी गोल टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं सिर्फ यह कहना और रेखांकित करना चाहूंगा कि यह व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में नहीं है। इसके अलावा , महमूद अल मार्डी और मौसा तमारी के दो-दो गोल की मदद से जॉर्डन ने मलेशिया को 4-0 से हराकर ग्रुप ई में बढ़त बना ली। ग्रुप डी में इराक ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराया।

मुंबई ने आंध्र को 10 विकेट से हराया

रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हारा कर्नाटक

रणजी ट्रॉफी दूसरा राउंड

मुंबई। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे राउंड के आखिरी दिन सोमवार को मुंबई ने आंध्र प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया। मुंबई के शम्स मुलानी ने दोनों पारी में 5-5 विकेट लिए और 10 विकेट हॉल पूरा किया। मुंबई की टीम फिलहाल एलिट के ग्रुप बी के टॉप मौजूद है। ग्रुप सी में गुजरात ने कर्नाटक को 6 रन से हराया। दूसरे राउंड के मैच 12 जनवरी से शुरू हुए थे, जिसका सोमवार को आखिरी दिन था।

मुंबई के कोटियन और

अवस्थी के अर्धशतक - एलीट ग्रुप बी में मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले गए मैच में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 395 रन बनाए। भुपेन लवानी (61), तनुष कोटियन (54) और मोहित अवस्थी (53) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा श्रेयस अय्यर ने भी 48 रनों का योगदान दिया। आंध्र की ओर से नीतीश रेड्डी ने पांच विकेट झटके। जवाब में धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी की घातक गेंदबाजी के सामने आंध्र की पहली पारी सिर्फ 184 रन पर सिमट गई। धवल ने तीन और मुलानी ने छह विकेट लिए। इस मैच के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा- 'मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है, जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था (आंध्र के खिलाफ रणजी मैच)। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं।

सुमित ने शुरुआती दौर में वर्ल्ड नंबर 27 बुबलिक को हराया

मेलबर्न। कौशल और दृढ़ संकल्प के शानदार प्रदर्शन से, सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक पर लगातार सेटों में जीत दर्ज कर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया।

अलेक्जेंडर बुबलिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और 6-4, 6-2, 7-6 (6-1) की जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में पहले दौर के बाद उनकी दूसरी उपस्थिति भी दर्ज की। उनकी पिछली उपलब्धि 2020 यूएस ओपन में आई थी जब उन्होंने अंतिम चैंपियन डोमिनिक थिएम का सामना करने से पहले ब्रैडली क्लैन को हराया था।

नागल की जीत का महत्व उनकी उपलब्धियों से कहीं अधिक है, क्योंकि 1988 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर पर रमेश कृष्णन की जीत के बाद वह 36 वर्षों में ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए। बुबलिक के

खिलाफ नागल के शानदार प्रदर्शन ने उच्च जोखिम वाले मैचों के दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। बुबलिक के विश्व रैंकिंग में 27वें नंबर पर होने के बावजूद, नागल ने पहले और दूसरे सेट में शुरुआत में ही ब्रेक लेते हुए दबदबा बनाए रखा। तीसरे सेट में ड्रामा देखने को मिला और बुबलिक ने वापसी करते हुए टाई-ब्रेकर का सहारा लिया। हालाँकि, नागल ने संयम बनाए रखा और अंततः अपने प्रतिद्वंद्वी के डबल फाल्ट के बाद जीत हासिल की।

आगे देखते हुए, नागल की अगली चुनौती चीनी वाइल्डकार्ड जुनचेंग शांग और मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के बीच विजेता के रूप में इंतजार कर रही है, वह खिलाड़ी जिसने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में राफेल नडाल को हराया था।

बिजनेस

फ्लाइट लेट होने पर व्हाटसएप पर यात्रियों को जानकारी देंगे एयरलाइंस

नई दिल्ली। एयरलाइन्स और यात्रियों के बीच फ्लाइट्स देरी को लेकर हो रही खींचतान की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए डीजीसीए ने बड़ा कदम उठाते हुए एसओपी जारी की है। एसओपी में एयरलाइन्स को निर्देश दिया गया है कि विमान के उड़ान में होने वाली देरी के संबंध में यात्रियों को व्हाटसएप के जरिए भी जानकारी दी जाए। डीजीसीए के नए एसओपी के अनुसार एयरलाइनों को अपनी उड़ानों की देरी के बारे में रियल टाइम सूचना प्रकाशित करनी होगी। यह सूचना एयरलाइन की संबंधित वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके अलावे विमानन कंपनियों को एसएमएस/व्हाट्सएप और ईमेल

के जरिए प्रभावित यात्रियों को अग्रिम जानकारी देनी होगी। हवाई अड्डों पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के लिए उड़ान में देरी के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदर्शित अनिवार्य किया गया है। एयरलाइन को हवाई अड्डों पर यात्रियों से संवाद स्थापित करने के लिए अपने कर्मचारियों को पर्याप्त संख्या में तैनात करना होगा, ताकि यात्रियों का लगातार मार्गदर्शन किया जा सके।

हुंडई तमिलनाडु में 6,180 करोड़ का करेगी निवेश

चेन्नई। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने कहा कि वह 2023-2032 के बीच इलेक्ट्रिक वाहन और अन्य के लिए पहले घोषित 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के अलावा तमिलनाडु में 6,180 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। हुंडई मोटर के अनुसार, ताजा निवेश घोषणा में से 180 करोड़ रुपये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास के सहयोग से एक समर्पित हाइड्रोजन वैली इनोवेशन हब के लिए होंगे। कार निर्माता ने 6,180 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटा

मुंबई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 5 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.9 अरब डॉलर घटकर 617.30 अरब डॉलर रह गया। लगातार सात सप्ताह में 32.9 अरब डॉलर बढ़ने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में यह पहली गिरावट है। इससे पहले 29 दिसंबर 2023 को समाप्त सप्ताह में यह 22 महीने के उच्चतम स्तर पर रहा था। एक मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपये में अस्थिरता को नियंत्रित करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक रुपये को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। आरबीआई के हस्तक्षेप के अलावा, विदेशी मुद्रा भंडार भंडार में रखी विदेशी संपत्तियों की सराहना या मूल्यह्रास से भी प्रभावित होता है।

सिटीग्रुप 20 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा

न्यूयॉर्क। ग्लोबल बैंकिंग प्रमुख सिटीग्रुप एक बड़े कॉर्पोरेट बदलाव के तहत अगले दो साल में अपने कार्यबल का 10 प्रतिशत यानी लगभग 20 हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगा।

सिटीग्रुप ने बीती देर रात चौथी तिमाही के आय-व्यय का विवरण पेश करने के बाद कहा कि लगभग 20 हजार कर्मचारियों को मीडियम टर्म में निकाला जाएगा।सिटीग्रुप के सीईओ जेन फ्रेजर ने 2024 को अमेरिकी बैंकिंग ग्रुप के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया।मैक्सिकन परिचालन को छोड़कर, सिटीग्रुप में 2023 के अंत में लगभग दो लाख कर्मचारी थे।पुनर्गठन, रूस में कारोबार बंद होने और अर्जेंटीना में नुकसान में

कुल 3.8 अरब डॉलर गँवाने के कारण बैंक को चौथी तिमाही में 1.8 अरब डॉलर का घाटा हुआ है।फ्रेजर ने कहा, उल्लेखनीय मदों के प्रभाव के चलते चौथी तिमाही बहुत निराशाजनक रही, हमने सिटी को सरल बनाने और 2023 में अपनी रणनीति को क्रियान्वित करने में काफी प्रगति की है।फ्रेज़र ने पिछले साल सितंबर में संपत्ति के हिसाब से तीसरे सबसे बड़े अमेरिकी बैंक में व्यापक बदलाव की घोषणा की थी।इस साल, सिटीग्रुप को विच्छेद और पुनर्गठन लागत में एक बिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च होने की उम्मीद है।सिटीग्रुप के सीईओ ने कहा, यह देखते हुए कि हम अपने सरलीकरण और विनिवेश के रास्ते में कितने पीछे हैं, 2024 एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। रिपोर्टों के अनुसार, कंपनी ने पहले भी कई बार छंटनी की है, जिसकी शुरुआत बैंक के शीर्ष स्तर से हुई है। छँटनी का एक और राउंड 22 जनवरी को निर्धारित किया गया है।

2023 में वैश्विक स्मार्टफोन बाजार में एप्पल ने मारी बाजी

नई दिल्ली। एप्पल 2023 में पहली बार वैश्विक स्मार्टफोन उद्योग में अग्रणी बन गई। कंपनी की बाजार में हिस्सेदारी अब 20.1 प्रतिशत हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सैमसंग, जो वर्षों से वैश्विक स्मार्टफोन लीडर रहा है, 19.5 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट साल दर साल 3.2 प्रतिशत घटकर 2023 में 1.17 बिलियन यूनिट रह गई। आईडीसी की वर्ल्डवाइड ट्रैकर टीम के अनुसंधान निदेशक नबीला पोपल ने कहा, एप्पल न केवल सालाना सकारात्मक वृद्धि दिखाने वाला शीर्ष 3 में एकमात्र खिलाड़ी है, बल्कि पहली बार सालाना नंबर 1 स्थान भी हासिल करता है। एप्पल ने बढ़ती नियामक चुनौतियों और अपने सबसे बड़े बाजार चीन में हुआवेई से नए सिरे से प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की। पोपल ने

कहा, एप्पल की चल रही सफलता और लचीलापन काफी हद तक प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन के कारण है, जो अब बाजार के 20 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है, जो आक्रामक ट्रेड-इन ऑफर और ब्याज मुक्त वित्तपोषण योजनाओं से प्रेरित है। बाजार के शीर्ष पर रैंकिंग में समग्र बदलाव स्मार्टफोन बाजार के भीतर प्रतिस्पर्धा की तीव्रता को और उजागर करता है। आईडीसी के वर्ल्डवाइड मोबिलिटी और कंज्यूमर डिवाइस ट्रैकर्स के समूह उपाध्यक्ष रयान रीथ ने कहा, एप्पल ने निश्चित रूप से सैमसंग की रैंक में गिरावट में भूमिका निभाई है, लेकिन समग्र एंड्रॉइड स्पेस अपने आप में विविध हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी ब्रांड शाओमी वैश्विक स्तर पर 12.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है।

एक अभिनेता के रूप में मेरा एकमात्र काम लोगों का मनोरंजन करना : सलमान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में उनका सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है। सलमान की नवीनतम रिलीज टाइगर 3 अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। उसी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही सभी प्लेटफार्मों चाहे वह थियेटर हो, या सैटेलाइट भरपूर प्यार मिल रहा है।उन्होंने कहा, यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 पहले सिनेमाघरों और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही। उन्होंने कहा, मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ संपर्क में हूं और मैं अब टाइगर 3 के ओटीटी पर आने के बाद लोगों का प्यार देख सकता हूं। सलमान ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं।सलमान ने आगे कहा, टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। जब यह सिनेमाघरों में हिट हो गई तो यह बेहद निजी लगा और अब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिट हो गई है। उन्होंने कहा, टाइगर हमेशा लोगों का मनोरंजन करने के लिए मौजूद रहेंगे। टाइगर 3 में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।

रश्मिका मंदाना ने फिटनेस गोल्स किए सेट, कहा- स्ट्रेचिंग करना न भूलें

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपने वर्कआउट की एक तस्वीर साझा की और कहा कि किसी को स्ट्रेचिंग करना नहीं भूलना चाहिए। फोटो शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्ट्राग्राम पर रश्मिका के 41.1 मिलियन फॉलोअर्स है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिम में वर्कआउट करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने ब्लैक कलर की टी शर्ट और रेड शॉर्ट्स पहने हुए है।फोटो को कैप्शन दिया गया- स्ट्रेच करना न भूलें!! यह आपके शरीर के लिए अच्छा है! गुड मॉर्निंग सभी कोवर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें अब से पहले एनिमल में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर रणविजय सिंह और अजीज हक की दोहरी भूमिका में थे।उनकी अगली फिल्म पुष्पा 2- द रूल, रेनबो और द गर्लफ्रेंड है।

मुख्यमंत्री ने हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को बगिया निवास से किया रवाना

■ 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत अगले एक माह तक पूरे जिले में घूमेगा जागरूकता रथ, सड़क और साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को करेगा जागरूक

जशपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया के निवास स्थल से सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया में सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशे में गाड़ी न चलाएं। सड़क पर लापरवाही से न चलें। एक छोटी सी चूक से कई जिंदगी दांव पर लग जाती है। अतः जिम्मेदारी पूर्वक नियमों का पालन करें। इस मौके पर विधायक पत्थलगांव गोमती साय, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद सजाउद्दीन, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, एसपी डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जशपुर जिला पुलिस विभाग द्वारा यह रैली निकाली गई है। जो लोगों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेगी। नवा अंजोर रथ में वीडियो फिल्मस के माध्यम से सड़क सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के प्रति आम जन को जागरूक किया जाएगा। यह रथ अगले माह तक पूरे जिले का भ्रमण करेगा।

वित्त मंत्री चौधरी ने की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के विभागीय बजट की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में आज मंत्रालय महानदी भवन में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ठंड को देखते हुए स्कूलों का बदला समय

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेकंट ने आदेश जारी कर वर्तमान में जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए छात्रहित में 31 जनवरी 2024 तक जिले में संचालित होने वाले विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं प्रथम पाली सोमवार से शनिवार प्रातः 09:00 बजे से 12:30 तक, दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं द्वितीय पाली सोमवार से शनिवार अपरान्ह 12:45 बजे से 04:15 बजे तक तथा एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक संचालित की जायेगी।

मंत्री ने निर्माणाधीन नए अस्पताल का किया निरीक्षण

■ 50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल को एक माह में पूरा करने के दिए निर्देश

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को नए निर्माणाधीन जिला अस्पताल एवं मातृ-शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने ठेकेदार से जानकारी प्राप्त की कितने दिनों में अस्पताल तैयार हो जाएगा? ठेकेदार ने बताया कि एक माह में 50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल (एमसीएच) तैयार हो जाएगा, वहीं 200 बिस्तर वाले जिला अस्पतलाल एक साल में तैयार करने की जानकारी दी।

ठेकेदार को लगाई फटकार

मंत्री जायसवाल ने समय-सीमा में जिला अस्पताल तैयार नहीं करने पर ठेकेदार को फटकार लगाया। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। मंत्री ने ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खानापूर्ति वाले काम बिल्कुल न करें, ऐसे करते या जांच में शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने की बात भी कही।

बता कोरिया जिले के कंचनपुर में यह नया जिला अस्पताल करीब 35 करोड़ रूपए की लागत से डीएमएफ से बनाया जा रहा है, वहीं एनएचएम के सहयोग से 9 करोड़ रूपए की लागत से एमसीएच निर्माण हो रहा है। यह तीन मंजिला अस्पताल बनने से जिले के मरीजों को काफी मदद मिलेगी।

क्वालिटी में कोई समझौता नहीं

स्वास्थ्य मंत्री ने ठेकेदार को दो टूक कहा कि किसी भी हालत में अस्पतलाल के निर्माण कार्य में क्वालिटी में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मटेरियल उच्च गुणवत्ता का ही उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर को उपयोग में लाए जा रहे, मटेरियल, क्वालिटी आदि को लोक निर्माण विभाग व हाऊसिंग बोर्ड से जांच कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल परिसर जाकर निरीक्षण किया तथा संबंधित ठेकेदार व इंजीनियर को दीवारों व छत में भरपूर पानी तराई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बैकुण्ठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सांसद ज्योत्सना महंत आज कोरबा विस दौरे पर

■ कल रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लोगों से करेंगी मुलाकात

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का संसदीय क्षेत्र में तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला व भरतपुर-सोनहत, बैकुंठपुर विधानसभा के अलावा कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्षा व कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत 16 जनवरी को मरवाही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. केके. ध्रुव के निवास में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुई। इसके बाद वे भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो के ग्राम साल्ही में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल हुई व मनेन्द्रगढ़ सर्किट हाऊस में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह के निवास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं आज 17 जनवरी को बैकुंठपुर विधानसभा के पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव के निवास में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे व बैकुंठपुर से कोरबा के लिए रवाना होंगे और कोरबा में कार्यकर्ताओं से सांसद निवास में सौजन्य मुलाकात करेंगे। 18 जनवरी को कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नोनबिर्रा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे।

बादल संस्था में थिएटर, कत्थक के डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन जगदलपुर बस्तर द्वारा संचालित बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना में अब थिएटर, कत्थक और भरतनाट्यम के डिप्लोमा कोर्स आरंभ किए जा रहे हैं। इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त योग का सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ किया गया है। उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों हेतु संबद्धता इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से होगी। इस हेतु खैरागढ़ के निरीक्षण दल ने विगत दिनों बादल संस्था में की जा रही रचनात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया। बादल संस्था में अब तक खैरागढ़ से संबद्ध होकर एक वर्षीय लोक संगीत डिप्लोमा, द्विवर्षीय लोक संगीत डिप्लोमा, गीतांजली सुगम संगीत द्विवर्षीय डिप्लोमा, शास्त्रीय संगीत हिन्दुस्तानी गायन डिप्लोमा, शास्त्रीय संगीत तबला वादन डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय आर्ट एप्रिसिएशन चित्रकला की कक्षाएं संचालित की जा रहीं थीं। अभी हाल ही में दल के निरीक्षण पश्चात बादल संस्था में शास्त्रीय कत्थक नृत्य डिप्लोमा, शास्त्रीय भरतनाट्यम नृत्य डिप्लोमा, एक वर्षीय थिएटर डिप्लोमा और योग सर्टिफिक्रेट कोर्स की कक्षाएं अगले सत्र से संचालित की जाएंगी।

बस्तरिया बाजार में मुर्गो की लड़ाई में लाखों के दांव

दांव लगाने जुटते हैं छह राज्यों के लोग

कोंटा/नवप्रदेश। बस्तर के आखिरी छोर से सटे आंध्रप्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में स्थित भीमावरम शहर में हर बार की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के अवसर पर सबसे बड़ा मुर्गा बाजार लगा चार दिनों तक चलने वाले इस मुर्गा बाजार में छत्तीसगढ़ के अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उड़ीसा व आंध्र प्रदेश के लोग शामिल होते रहे हैं और इस बार भी बाजार पहुंच रहे हैं। इस परंपरागत बड़े और भव्य आयोजन के लिए बड़े मैदान में दर्जनों टेंट लगाए गए हैं और लोगों के आने एवं वाहनों के पार्किंग के लिए भी स्थान सुरक्षित रखा गया है। इस बाजार की खासियत यह है कि छह राज्यों से मुर्गा लड़ाई में दांव लगाने लग्जरी महंगी गाड़ियों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस साल भी उनकी आमद हो रही है।

लाखों में बिकता है लड़ाकू मुर्गा: पारंपरिक एवं दादा, परदादा के जमाने से इन ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली इस मुर्गा लड़ाई की विशेषता यह हैं कि मुर्गा जब जन्म लेता है, तब से उसके खान पान, पालन पोषण को लेकर व्यापारी पूरी मेडिकल सुविधा के साथ ध्यान देते हैं। मुर्गा जब जवान होता है तो उसके खान पान का खर्च प्रति दिन दो सौ रुपए तक रहता है। इस प्रकार एक अच्छे लड़ाकू मुर्गे को तैयार किया जाता है। जिसकी बिक्री 5 से 10 हजार से शुरू होकर लाखों में रहती है और ऐसे लड़ाकू मुर्गो पर दांव पांच लाख से शुरू हो कर दस व बीस लाख तक लगती है।

ऐसे चलता है खेल

लाउडस्पीकरों से प्रति दांव पर लगने वाले लाखों के दांव एवं दो प्रतिभागियों का नाम एनाउंस किया जाता है। एक-एक मुठों के पीछे लाखों रुपयों का दांव लगाया जाता है, पूरे दिन में करोड़ों का दांव यहां पर खेला जाता है। इस मुर्गा लड़ाई को लेकर महीना भर पहले से ही तैयारी की जाती है। मुर्गा लड़ाई को देखने के लिए कई परिवार बच्चों के साथ मकर संक्रांति उत्सव के रूप में देखने यहां पहुंचते हैं। मकर संक्राति पर्व पर आयोजित होने वाले इस खेल में जुटने वाले लोगों के लिए हर इंतेजाम रहता है, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही उनके खाने पीने से लेकर मनोरंजन तक का भी ख्याल रखा जाता है।

लॉटरी के नाम पर सरकारी कर्मचारी से ठगी, 4 गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के माकड़ी गांव में एक शासकीय कर्मचारी से लॉटरी लगने के नाम पर एक करोड़ 25 लाख रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इन आरोपी में से 2 आरोपी दिल्ली के और अन्य 2 आरोपी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं. साइबर टीम की मदद से रिपोर्ट दर्ज करने के करीब एक महीने बाद पुलिस की टीम ने 5 दिन तक आरोपियों की रेकी कर ठगी करने वाले चारों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. बड़े शातिर तरीके से इन आरोपियों ने फोन के माध्यम से शासकीय कर्मचारी गेंदसिंह नेताम को करोड़ो रूपये का ईनाम और लॉटरी लगने के नाम पर अपने जाल में फसाया और हर महीने किस्त के रूप में उनसे कुल एक करोड़ 25 लाख रुपए ठग लिए.

प्रार्थी गेंदसिंह को धोखाधड़ी का अंदेशा होने के बाद प्रार्थी ने माकड़ी थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी और जिन खातों में प्रार्थी ने राशि डाली थी वह सभी खातों के नंबर साइबर टीम को दिया. छानबीन के बाद इन अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुट गई और आखिरकार ठगी करने वाले चारों आरोपी को दिल्ली और गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आरोपी के पास से 3 लाख रुपये नकद, 25 लाख रुपये के फ्लैट के कागजात, 20 लाख रुपये की प्लॉट के पेपर और अलग-अलग खातों में जमा रकम समेत कुल 51 लाख 20 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धारा के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है.

खड़े ट्रक में लगी आग, 100 कट्टा धान जलकर खाक

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले में पंचर होकर खड़े ट्रक में भीषण आग लग गई। ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना नेशनल हाईवे 53 पिरदा मोड़ की है।

मिली जानकारी के अनुसार, ड्राइवर ट्रक में धान लोड कर बसना से कांपा राइस मिल ले जा रहा था। इस दौरान ट्रक पंचर हो गया तो वह गाड़ी साइड में खड़ा कर सो गया था। तभी अचानक आग लग गई। चालक ने अफरा-तफरी में कूदकर अपनी जान बचाई। इस आगजनी में ट्रक के सामने का हिस्सा और लगभग 100 कट्टा धान जलकर खाक हो गया। वहीं सूचना मिलने पर तुमगांव, पटेवा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन अब तक आगजनी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

चारपाई पर बीमार महिला को ढोकर 5 किमी पैदल चले मजबूर परिजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा से एक बार फिर बुजुर्ग को खाट पर ले जाने की तस्वीर सामने आई है. जिसके बाद 5 किलोमीटर तक कांधे पर ढोकर महिला को पैदल मुख्य सड़क तक ले जाया गया.

दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत मेटापाल 2 तुर्रेम सौकारपारा का मामला है. बुजुर्ग महिला का नाम हिड़मे है. गांव में ही चलते फिरते गिर गई जिसके बाद पैर फैक्चर हो गया. परिजनों ने अस्पताल ले जाने की सोची लेकिन ये आसान नहीं था. गांव में कोई सड़क नहीं है. जिससे एंबुलेंस गांव तक नहीं आ सकती. ना ही कोई पुल पुलिया है. जिससे किसी दूसरे रास्ते से गांव से बाहर जा सके. जिसके बाद बुजुर्ग महिला के घर वालों ने गांव वालों से मदद मांगी.

दो लोगों ने चारपाई को लकड़ी और रस्सी के सहारे बांधा और बुजुर्ग को उस पर बैठाकर कांधे पर ढोकर निकल पड़े. लगभग 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने के बाद मुख्य सड़क तक पहुंचे और एंबुलेंस का इंतजार करने लगे. इससे एक तरफ उन्हें परेशानी हुई सो अलग दूसरी तरफ इसी काम में दिनभर निकल जाने से उनकी रोजी रोटी पर भी असर पड़ता है.

आगजनी घटना स्थल का कलेक्टर-एसपी ने किया अवलोकन

कवर्धा। कलेक्टर जनमेजय महोबे और एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने देर शाम पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा पहुँच कर बैगा परिवार के घर हुए आगजनी की घटना स्थल का अवलोकन किया। कलेक्टर ने एसडीएम और एसडीओपी को आगजनी घटना की बारीकी तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन जांच के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान कलेक्टर और एसपी ने आगजनी की घटना से प्रभावित पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। कलेक्टर के निर्देश पर पंडरिया जनपद सीईओ द्वारा घटना से प्रभावित परिजनों श्रद्धांजलि योजना के तहत सहायता दी गई तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 20 हजार की सहायता राशि देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कुकदूर तहसीलदार को पोस्टमार्डम के रिपोर्ट के आधार पर आरबीसी 6(4) के तहत प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर फॉरेंसिक जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत माठपुर के आश्रित ग्राम नागाडबरा में कल देर रात्रि घर में आग लगने से बुधराम और उनकी पत्नी हिरमतिन और उनके पुत्र जोन्हूराम बैगा की मौके पर मौत होगी गई।

खाद्य मंत्री बघेल ने मोहतारा गांव के राम मंदिर परिसर में की साफ सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिला के ब्लाक नवागढ़ ग्राम मोहतारा राम मंदिर के स्वच्छता अभियान में 15 जनवरी 2024 सोमवार को शामिल हुए और मंदिर परिसर की साफसफाई की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर के मंदिरों तीर्थ स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।